● जयपुर, मंगलवार, 29 अक्टूबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 73 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 कांग्रेस क्षेत्र और विधायक देखकर जारी करती थी बजट, भाजपा ने सभी 200 विधानसभा...

पेज @4 खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने लॉच किए तीन पोर्टल...

पेज @8 ब्रिगेडियर भवानी सिंह की जयंती पर 25 विभिन्न श्रेणियों में दिए गए...

# राइजिंग राजस्थान समिट के ब्रांड एम्बेसडर हैं स्थानीय उद्यमी

## प्रवासी राजस्थानियों से संपर्क कर लाए निवेश: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 28 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि स्थानीय उद्यमी एवं व्यापारी राइजिंग राजस्थान के ब्रांड एम्बेसडर हैं। वे देश के कई राज्यों में कार्यरत प्रवासी राजस्थानी उद्योगपतियों से संपर्क कर उन्हें प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करें, ताकि वे अपना औद्योगिक कौशल अपनी मातृभूमि पर दिखा सके।
शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर जयपुर में 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट' के संबंध में स्थानीय औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी एवं उनके संगठनों का व्यापक नेटवर्क आगामी राइजिंग राजस्थान समिट की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस नेटवर्क का उपयोग करते हुए ये संगठन अपनी शाखाओं के माध्यम से आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, आसाम, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखंड एवं बिहार में प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन का आयोजन करें और उन्हें निवेश करने के लिए आकर्षित करें।





### वोकल फॉर लोकल पर विशेष फोकस

» मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वोकल फोर लोकल पर विशेष रूप से ध्यान देने के साथ ही 'एक जिला, एक उत्पाद नीति' भी लागू करने जा रही है। इससे स्थानीय उद्यमियों की आर्थिक प्रगति होगी और रोजगार के नये अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम (रिप्स) 2024 के अंतर्गत स्टैंडर्ड सर्विसेज पैकेज के तहत इन्सेंटिव्स के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपये से घटाकर 25 करोड़ रुपये कर दी है। साथ ही, राज्य सरकार उद्योग नीति, स्टार्टअप नीति, ग्रीन हाइड्रोजन नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग नीति पर कार्य कर रही है, जिनमें निवेश को सुगम एवं सुलभ बनाने के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान समिट के क्रम में अब तक 18 लाख करोड़ रुपये के एमओयू साइन किए हैं, जिन्हें राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ धरातल पर उतारेगी।

### उद्योगों को मिलेगी पर्याप्त बिजली-पानी

» शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत 10 महीने के कार्यकाल में एक रोडमैप के तहत बिजली एवं पानी के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है। राज्य सरकार ने बिजली के क्षेत्र में 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं, जिससे हम प्रदेश को 2027 तक ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बना सकेंगे। राजस्थान बिजली खरीदेगा नहीं, बल्कि बेचेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्वती–कालीसिंध–चंबल–ईआरसीपी लिंक परियोजना एवं यमुना जल समझौता कर हमने प्रदेश में पानी की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। बिजली और पानी की उपलब्धता हमारी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताएं हैं, इसी से प्रदेश औद्योगिक विकास के पथ पर निरंतर गतिमान होगा।

### राइजिंग राजस्थान के लिए व्यापारिक संगठन करेंगे सक्रिय रूप से कार्य- उद्यमी

» बैठक में उद्योगपतियों एवं व्यापारियों ने कहा कि राइजिंग राजस्थान समिट को सफल बनाने के लिए स्थानीय व्यापारिक संगठन राज्य सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेंगे। प्रदेश में निवेश लाने के लिए व्यापारिक संगठनों की देशभर में फैली शाखाएं सक्रिय रूप से कार्य करेगी। उन्होंने पर्यटन, कृषि, शिक्षा, खनन, आवासन, हस्तशिल्प, मार्बल, अक्षय ऊर्जा, टैक्सटाइल्स, इलेक्ट्रोनिक, जेम्स एंड ज्वैलरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से संबंधित पर अपने सुझाव भी मुख्यमंत्री को प्रस्तुत किए। क्रेडाई के चेयरमैन श्री गोपाल गुप्ता एवं संरक्षक श्री अनुराग शर्मा, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष श्री सुभाष गोयल, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष श्री घनश्याम ओझा, फोर्टी के कार्यकारी निदेशक श्री अरूण अग्रवाल, जीनस पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर के चेयरमैन श्री आई सी अग्रवाल, प्रबंध निदेशक आरएमसी जेम्स श्री निर्मल बरड़िया, जयपुर चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष श्याम अग्रवाल सहित प्रमुख उद्योगपति बैठक में उपस्थित थे। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री) आलोक गुप्ता, आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य रोहित गुप्ता, रीको प्रबंध निदेशक इंद्रजीत सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

न्यूज़ अपडेट

### दिल्ली में दीपावली की तैयारी के बीच सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, पुलिस हाई अलर्ट

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दीपावली नजदीक आने के साथ ही दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने कड़े कदम उठाए हैं। हाल ही में प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के बाद पुलिस प्रशासन हाई अलर्ट पर है। राजधानी के बाजारों में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं।
पश्चिमी दिल्ली के तिलक नगर मार्केट, जो कि शहर का एक प्रमुख और पुराना बाजार है, यहां सुरक्षा उपायों को अत्यधिक सख्त किया गया है। इस मार्केट में रोजाना हजारों की संख्या में लोग खरीदारी करने आते हैं, और ऐसे में पुलिस की सजगता आवश्यक हो गई है।
मार्केट के मेन गेट पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए मचान बनाया गया है, जहां हथियारबंद जवान तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाजार की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। एंट्री गेट पर मेटल डिटेक्टर भी लगाए गए हैं, जिससे संभावित खतरों को कम किया जा सके।

### दिवाली पर रात 8 बजे से पहले या 10 बजे के बाद पटाखे फोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**बेंगलुरु/एजेंसी।** बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) ने सोमवार को चेतावनी दी कि दीपावली पर्व के दौरान बेंगलुरु शहर में निर्धारित समय रात 8 बजे और 10 बजे से पहले या बाद में पटाखे फोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
बीबीएमपी आयुक्त ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, बेंगलुरु शहरी जिले के डिप्टी कमिश्नर के आदेश के बाद बीबीएमपी ने अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि शहर में रात 8 बजे से 10 बजे के बीच ही पटाखे फोड़ने पर निगरानी रखी जाए। इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि लोग सिर्फ इको-फ्रेंडली ग्रीन पटाखों का ही इस्तेमाल करें। बीबीएमपी आयुक्त ने कहा, त्योहार केवल निर्धारित समय में पटाखे फोड़कर ही मनाया जा सकेगा।


पीएम मोदी और स्पेन के राष्ट्रपति ने टाटा एयरबस की असेंबली यूनिट का किया उद्घाटन


# सी-295 फैक्टरी नये भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाती है : मोदी

एजेंसी

**वडोदरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के वडोदरा में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के साथ संयुक्त रूप से टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सैन्य विमान सी-295 विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सी-295 विमान का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'टाटा-एयरबस विनिर्माण सुविधा भारत-स्पेन संबंधों और 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को मजबूत करेगी।' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए टाटा और एयरबस की टीमों को बधाई दी।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरे मित्र पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। आज से हम भारत और स्पेन की साझेदारी को नई दिशा दे रहे हैं। हम सी-295 विमान के निर्माण के लिए कारखाने का उद्घाटन कर रहे हैं। यह फैक्टरी न केवल भारत और स्पेन के संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के मिशन को भी मजबूत करेगी। उन्होंने कहा कि यह कारखाना नए भारत की कार्य संस्कृति को दर्शाता है। यह दिखाता है कि भारत किस गति से काम कर रहा है। कारखाने का काम दो साल पहले अक्टूबर में शुरू हुआ था, और अब इसका उद्घाटन हुआ है। प्रधानमंत्री ने प्लानिंग और एग्जीक्यूशन में अनावश्यक देरी नहीं होने पर जोर देते हुए कहा कि उनका ध्यान हमेशा योजना और निष्पादन के समय को कम करने पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैक्टरी को रिकार्ड समय में उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। यहां बने विमान को दूसरे देशों को भी भेजा जाएगा।





### प्रधानमंत्री मोदी ने रतन टाटा को किया याद, दी श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री मोदी ने टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। टाटा का इस महीने की शुरुआत में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। असल में इस परियोजना की मूल रूप से 2012 में रतन टाटा ने ही कल्पना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कुछ समय पहले, हमने देश के बेटे रतन टाटा को खो दिया। अगर वे आज हमारे बीच होते, तो उन्हें बहुत खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वो खुश होगी।'

### रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नई ऊंचाइयां छू रहा : मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत में रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नई ऊंचाइयां छू रहा है। 10 साल पहले अगर हमने ठोस कदम नहीं उठाए होते, तो आज इस मंजिल पर पहुंचना असंभव ही था। उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 सालों में भारत में 1000 नए डिफेंस स्टार्टअप्स शुरू हुए हैं। पिछले दस सालों में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 30 गुना बढ़ा है। आज हम 100 से ज्यादा देशों को डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट करते हैं। आज हम देश में स्किल और जॉब क्रिएशन पर फोकस कर रहे हैं। एयरबस और टाटा की इस फैक्टरी से हजारों जॉब्स पैदा होंगे।

### यूरोपीय कंपनियों के आगमन के लिए नए द्वार खुलेंगे : सांचेज

स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने कहा कि एयरबस और टाटा के बीच साझेदारी भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की प्रगति में योगदान देगी और अन्य यूरोपीय कंपनियों के आगमन के लिए नए दरवाजे खोलेगी। उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि कैसे दो कंपनियों के बीच एक असाधारण परियोजना वास्तविकता बन गई है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके विजन की भी जीत है। भारत को एक औद्योगिक महाशक्ति और निवेश तथा व्यापार से व्यापार सहयोग के लिए एक आकर्षण का केंद्र बनाने की आपकी दूरदृष्टि की जीत है।

### कोई न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, शब्दों में बदलाव जरूरी : उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका के संदर्भ में महत्वपूर्ण टिप्पणियां की। उपराष्ट्रपति का कहना है कि न्यायपालिका हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण अंग है, इसमें सबऑर्डिनेट शब्द की कोई जगह नहीं है। कोई भी न्यायालय सबऑर्डिनेट नहीं, इसमें बदलाव होना चाहिए। उन्होंने न्यायपालिका पर टिप्पणी करते हुए कहा, जब मजिस्ट्रेट या जिला जज फैसला लिखता है, उनके मन में एक शंका रहती है कि मेरे फैसले पर क्या टिप्पणी होगी। वह फैसला उसके भविष्य को निर्वहन करता है। उपराष्ट्रपति ने यह भी कहा कि कॉर्पोरेट्स को लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि उद्योगपति एवं कॉर्पोरेट समूहों को अन्य संस्थानों को प्रदान की जाने वाली सहायता की तर्ज पर न्यायपालिका के कार्यान्वयन में भी सहायता प्रदान करनी चाहिए। अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कॉर्पोरेट्स के पास सीएसआर फंड है और उनको लोकल अदालतों में इन्वेस्ट करना चाहिए। उपराष्ट्रपति रविवार को राजस्थान के जयपुर में एआईआर पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अधिवक्ता संघ को संबोधित कर रहे थे। संसद में कानून पारित कर नागरिक संहिता में हुए परिवर्तन पर बोलते हुए उपराष्ट्रपति ने इसे औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने वाली एक महत्वपूर्ण घटना बताया। उन्होंने इसे दंड विधान से न्याय विधान की यात्रा बताते हुए कहा कि लंबे समय की मांग के बाद अंग्रेजों द्वारा बनाए गए इन कानूनों को निरस्त किया गया है।

# जम्मू -कश्मीर : सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग करने वाले 3 आतंकी ढेर

**जम्मू/एजेंसी।**

सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अखनूर इलाके में आतंकियों ने एक सेना के वाहन पर हमला करने की कोशिश की। इसके बाद वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने आतंकी गतिविधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। ये आतंकी सेना की एंबुलेंस पर फायरिंग करने के बाद एक मंदिर में छिपने का प्रयास कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आतंकियों ने इलाके में दहशत फैलाने के मकसद से मंदिर में घुसकर बच्चों को बंधक बनाने की कोशिश की थी। अधिकारियों के अनुसार, सोमवार सुबह अखनूर के बत्तल इलाके में आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया, आतंकियों की घात लगाकर हमला करने की कोशिश नाकाम हो गई, जिसके बाद इलाके में घेराबंदी अभियान शुरू किया गया था। जिसमे सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को ढ़ेर कर दिया है। सेना आतंकियों के सभी निकलने के रास्ते सील कर दिए गए था। खासकर शांति से हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी हैं। पिछले गुरुवार को आतंकियों ने गुलमर्ग के पास सेना के एक वाहन पर हमला किया, जिसमें दो सैनिकों और दो स्थानीय पोर्टरों की मौत हो गई थी। इस हमले में घायल एक और सैनिक ने अगले दिन दम तोड़ दिया था, जिससे मरने वालों की संख्या पांच हो गई थी। 20 अक्टूबर को आतंकियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक निजी निर्माण कंपनी के श्रमिक शिविर पर हमला किया था। इस हमले में सात लोग मारे गए, जिनमें छह बाहरी मजदूर और एक कश्मीरी डॉक्टर शामिल थे।

# सर्वधर्म समभाव और अड़चन

भारत वर्ष एक बहुलतावादी राष्ट्र है, जिस पर बहुत से लोग गर्व महसूस करते हैं। एक समृद्ध, सुखी और शांत राष्ट्र के निर्माण के लिए यह जरूरी तत्व है। किन्तु हमें यह भी समझना होगा कि भारत में इस सहिष्णुता की नींव क्या है और अड़चनें क्या हैं। हिन्दू या सनातन चिंतन परंपरा इसके मूल में है जो स्वभाव से समावेशी और बहुलता वादी है, जिसका मानना है कि "ईश्वर एक ही है और उसे अपनी अपनी आस्था और समझ के अनुरूप भिन्न-भिन्न रूपों में माना जा सकता।" सनातन परंपरा हजारों वर्षों में विकसित हुई है और विकसित होती जा रही है।

यही हिन्दू या सनातन परंपरा की खूबी है कि यह सतत विकासमान है और इसमें नए-नए ज्ञान को समावेशित करने की छूट है क्योंकि इसका विकास ही शास्त्रार्थ और गहन चिंतन से उपजे विभिन्न दर्शनों के आधार पर हुआ है। वर्तमान में इसमें प्राचीनतम जादू टोने वाले समाज के तत्वों से लेकर सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, पूर्व मीमांसा और उत्तर मीमांसा के तत्व एक साथ खुशी से पनपते चले आ रहे हैं। बौद्ध धर्म के रूप में भले ही लुप्त हो गया हो किन्तु उसके बहुत से तत्व भारतीय चिंतन में समाविष्ट हो चुके हैं। जैन और अनेक संतों के मत भी फल-फूल रहे हैं। चैतन्य महाप्रभू का संकीर्तन भक्तिमार्ग हो या कबीर का निर्गुण ब्रह्म की उपासना हो, दादू पन्थ, रैदास पंथ, गोरख पंथ आदि अनेक दर्शन थोड़े-थोड़े भेद के साथ स्वीकृत और जनमानस में आत्मसात हो चुके हैं। अनेक आदिवासी समुदायों के विभिन्न मत भी मान्य हैं, जिन सब में कुछ तत्व सांझे हैं। जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है दूसरे के मत को भी अपने जितना आदर देना। इनमें से कुछ तो नास्तिक वाद के भी पास हैं, कुछ बहु देव वादी हैं, कुछ एकेश्वर वादी हैं। किन्तु इनका एकेश्वर वाद भी अब्रह्मिक धर्मों की तरह बहुदेव वाद और साकार उपासना को घृणा की दृष्टि से नहीं देखता बल्कि यह समझ कर मान्यता देता है कि मनुष्य की आंतरिक विकास की सीढ़ियों में यह भी एक सीढ़ी है और यह विकास की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए।

धीरे-धीरे साकार पूजा और बहु देव वाद आंतरिक विकास के साथ-साथ एकेश्वर वाद और निराकार उपासना तक पहुंच ही जाते हैं, किन्तु इसका यह अर्थ कदापि नहीं की जब हम डाक्टरेट कर लें तो पहली-दूसरी श्रेणी के विद्यालयों से नफरत करने लग जाएं। समाज में लोग आते रहेंगे और छोटे विद्यालयों की जरूरत बनी ही रहेगी। जब व्यक्ति ज्ञान हासिल कर लेता है तो उसे पुस्तक पेन्सिल की जरूरत नहीं रहती तो क्या उन्हें तोड़ दें, नहीं कभी नहीं, बल्कि जिन्हें उनकी जरूरत है उन्हें दे दें। सनातन धर्म में जीवन के दो विभाग हैं। एक प्रवृत्ति मार्ग और दूसरा निवृत्ति मार्ग। प्रवृति मार्ग का लक्ष्य है, सांसारिक जीवन को सफलता से जीने वाले नियमों को मानना और उन पर चलते हुए अपने और समाज के जीवन को सफल बनाने का प्रयास करते रहना। इसका फल है, अपने कर्मों के अनुसार बार-बार जन्म लेते रहना। यह एक सतत प्रक्रिया के रूप में चलता रहता है। दूसरा है निवृत्ति मार्ग- इस मार्ग पर वे लोग चलते हैं जो सुख दु:ख के झमेले से बाहर निकल जाना चाहते हैं। वे मोक्ष की कामना करते हैं। और उसी के लिए विभिन्न साधना करते हैं। मोक्ष को सबसे उत्तम लक्ष्य माना जाता है। बौद्ध इसको थोड़ा बहुत हेरफेर से निर्वाण कहते हैं। इस तरह पूरे ताने-बाने में ही सब धर्मों को मानने वालों के प्रति श्रद्धा का भाव पैदा हो जाता है। सनातनी संस्कार वाला समाज किसी दूसरे धर्म के प्रति घृणा के भाव से ऊपर उठ चूका है। वह दूसरे धर्म को घटिया या छोटा साबित करने के चक्कर में कभी नहीं पड़ता। न ही दूसरे धर्म को मानने वाले को अपना धर्म छोड़ कर सनातनी बन जाने को कहता है। बल्कि उसका मानना तो यह है कि न अपना धर्म छोड़ो और न दूसरे का धर्म छुडाओ, क्योंकि रस्ते अलग-अलग हैं पर अंत में सभी को वहीं पहुंचना है तो झगड़ा क्यों।

किन्तु जब अब्रह्मिक धर्मों से पाला पड़ा तो स्थितियां बदल गईं। उनका पहला लक्ष्य ही दूसरे के धर्म पर टीका-टिप्पणी करके धर्मांतरण करवा कर अपने धर्म में लाना है। इसके लिए दूसरे के धर्म को घटिया साबित करना जरूरी है। इसी धंधे में जाकिर नाईक और उन जैसे अनेक धर्म गुरु लगे रहते हैं। उनके लिए यह पुण्य का कार्य है। इसके लिए बाकायदा संस्था गत कार्य की व्यवस्था की जाती है। तबलीग जैसी संस्थाएं यही कार्य करती रहती हैं। इसी तरह ईसाई मिशनरियां भी यही काम करती रहती हैं। अब्रह्मिक धर्मों के कुछ अच्छे नियम हैं जिन्हें फर्ज कहा जाता है। जो एक पुस्तक पर आधारित हैं। उनमें अपने धर्म की श्रेष्ठता का भाव भी कूट-कूट कर भरा जाता है जिससे अन्य धर्मों के साथ उनका टकराव होना स्वाभाविक हो जाता है। उनके लिए दूसरे का धर्म छुड़वा कर अपने धर्म में लाना पुण्य का काम है। इस्लाम और ईसाई धर्म में धर्मान्तरण के तरीकों में थोडा अंतर जरूर है। ईसाईयों ने सेवा और लालच का प्रयोग ज्यादातर किया।

इस्लाम ने शक्ति और शासन के दबाव का प्रयोग किया। आज भी भारत में यह क्रम तो जारी ही है। इससे सनातनी मानस में खतरे की अनुभूति होती है। अविश्वास बढ़ता है। अविश्वास ही सबसे बड़ी फूट की वजह है, जिससे भारत को पार पाना होगा। अब 20 करोड़ और 100 करोड़ लोग कब तक आपसी द्वेष में एक-दूसरे को हानि पहुंचाने के रास्ते पर चलते रहेंगे। भारतीय दक्षिण पंथ भी कई बार अतिवादी प्रतिक्रिया करने लग पड़ा है। किन्तु यह प्रतिक्रिया है। यह समझना होगा। क्रिया नहीं होगी तो प्रतिक्रिया भी नहीं होगी। एक धर्मांतरण करेगा और दूसरा घरवापसी करेगा। इससे अंदर-अंदर दुर्भावना तो फैलेगी। धर्म की स्वतंत्रता का अर्थ अपने धर्म का धर्मांतरण के लिए प्रचार की छूट के रूप में लेना गलत है। प्रचार का अर्थ होना चाहिए अपने-अपने धर्म की अच्छी-अच्छी बातें समझा कर बेहतर समाज बनाने की कोशिश करना। आचार्य विनोबा भावे जी ने कहा है कि मेरा लक्ष्य यह नहीं है कि मैं मुसलमान को या ईसाई को हिन्दू बनाने का कार्य करूं बल्कि मैं तो हिन्दू को बेहतर हिन्दू, मुसलमान को बेहतर मुसलमान और ईसाई को बेहतर ईसाई बनाना चाहूंगा। यह सोच सब स्वीकार कर लें तो आपसी फूट और अविश्वास का बड़ा कारण समाप्त हो जाएगा। धर्मांतरण बंद होगा तो एक-दूसरे के धर्म की निंदा की जरूरत भी नहीं रहेगी। अगर मिल बैठ कर सोचें तो कठिन हरगिज नहीं है।

# दीपावली का सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक महत्व



डॉ. सौरभ मालवीय

दीपावली अंधकार पर प्रकाश की जीत का पर्व है। दीपावली का अर्थ है- दीपों की पंक्तियां। दीपावली शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के दो शब्दों 'दीप' एवं 'आवली' से हुई है। यह त्यौहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। दीपावली एक दिवसीय त्यौहार नहीं है। इसमें कई त्यौहार सम्मिलित हैं, जो एक-दूसरे से संबद्ध हैं जैसे धन त्रयोदशी अर्थात धनतेरस, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज। इसीलिए इसे दीपावली महोत्सव अर्थात दीपोत्सव भी कहा जाता है। यह महोत्सव भारत सहित विश्व के हिंदू बहुल क्षेत्रों में कार्तिक कृष्ण त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की दूज तक हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया जाता है। धनतेरस के दिन धातु की वस्तु क्रय करना अति शुभ माना जाता है। इस दिन तुलसी या गृह के द्वार पर दीप प्रज्ज्वलित किया जाता है। नरक चतुर्दशी के दिन यम की पूजा के लिए दीप प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। दीपावली के दिन देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि ऐसा करने से गृह धन-धान्य एवं समृद्धि से भरा रहता है। गोवर्धन पूजा के दिन लोग गाय एवं बैलों को सजाते हैं तथा गोबर का पर्वत बनाकर उसकी पूजा-अर्चना करते हैं। इसीलिए इसे गोवर्धन पूजा कहा जाता है। भैया दूज पर बहन अपने भ्राता के माथे पर तिलक लगाकर उसके लिए मंगलकामना करती है। इस दिन यमुना नदी में स्नान करने की परंपरा भी प्राचीन काल से चली आ रही है। माना जाता है कि ऐसा करने से सभी पापों का नाश होता है तथा पुण्य की प्राप्ति होती है।

दीपावली का संबंध मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम से भी है। रामायण के अनुसार दीपावली के दिन श्रीरामचंद्र 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अपने राज्य अयोध्या लौटे थे। उन्होंने लंका नरेश रावण का वध करके अपनी पत्नी सीता को स्वतंत्र करवाया था। उनके परिवारजनों एवं प्रजा के लिए यह दोहरी प्रसन्नता का विषय था। इसलिए उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने घी के दीप प्रज्ज्वलित करके अपनी प्रसन्नता एवं श्रद्धा व्यक्त की थी। तभी से दीपावली का त्यौहार मनाया जा रहा है। महाभारत के अनुसार दीपावली के दिन ही बारह वर्षों के वनवास एवं एक वर्ष के अज्ञातवास के पश्चात पांडव हस्तिनापुर वापस आए थे। यह भी मान्यता है कि दीपावली का त्यौहार भगवान विष्णु की पत्नी देवी लक्ष्मी से संबंधित है। दीपावली का पांच दिवसीय महोत्सव देवताओं एवं राक्षसों द्वारा समुद्र मंथन से पैदा हुई लक्ष्मी के जन्म दिवस से प्रारंभ होता है। समुद्र मंथन से प्राप्त चौदह रत्नों में देवी लक्ष्मी भी एक थीं। इनका प्रादुर्भाव कार्तिक मास की अमावस्या को हुआ था। उस दिन से कार्तिक की अमावस्या देवी लक्ष्मी के पूजन का त्यौहार बन गई। इसीलिए दीपावली पर देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की जाती है। दीपावली की रात्रि को देवी लक्ष्मी ने अपने पति के रूप में भगवान विष्णु का वरण किया था। मान्यता है कि इस दिन देवी लक्ष्मी प्रसन्न रहती हैं। जो लोग इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करते हैं, उन पर देवी की विशेष कृपा होती है। इस दिन लोग लक्ष्मी के साथ-साथ शिव-पार्वती पुत्र गणेश, विद्या की देवी सरस्वती एवं धन के देवता कुबेर की भी पूजा-अर्चना करते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से धन में वृद्धि होगी तथा उसका सदुपयोग होगा। यह भी मान्यता है कि दीपावली के दिन भगवान विष्णु अपने बैकुंठ धाम में वापस आए थे तथा बैकुंठ में हर्षोल्लास छा गया था।



दीपावली का त्यौहार श्रीकृष्ण से भी संबद्ध है। माना जाता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण ने राजा नरकासुर का वध करके प्रजा को उसके अत्याचारों से मुक्त करवाया था। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने नरसिंह रूप धारण कर हिरण्यकश्यप का वध किया था। यह भी कहा जाता है कि इसी दिन समुद्र मंथन के पश्चात धन्वंतरि प्रकट हुए। वे भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों में से एक माने जाते हैं। वे आयुर्वेद के जनक माने जाते हैं। दीपावली का त्यौहार देशभर में विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा में दीपावली काली पूजा के रूप में मनाई जाती है। इस दिन यहां के हिंदू देवी काली की पूजा-अर्चना करते हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा एवं उत्तर मध्य क्षेत्रों में इसे भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ा पर्व माना जाता है। इसलिए यहां गोवर्धन पूजा या अन्नकूट ला विशेष महत्व है। इस दिन श्रीकृष्ण के लिए छप्पन या एक सौ आठ स्वादिष्ट व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। सभी व्यंजन शुद्ध भारतीय होते हैं।

दीपावली का ऐतिहासिक महत्व भी उल्लेखनीय है। कई महापुरुषों से भी दीपावली का संबंध है। स्वामी रामतीर्थ का जन्म एवं महाप्रयाण दोनों दीपावली के दिन ही हुआ था। उन्होंने दीपावली के दिन गंगातट पर स्नान करते समय समाधि ली थी। आर्य समाज के संस्थापाक महर्षि दयानंद ने दीपावली के दिन अवसान लिया था। जैन एवं सिख समुदाय के लोगों के लिए भी दीपावली अत्यंत महत्वपूर्ण है। जैन समाज के लोग दीपावली को महावीर स्वामी के निर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं। जैन धर्म के मतानुसार चौबीसवें तीर्थकर महावीर स्वामी को इस दिन मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसी दिन संध्याकाल में उनके प्रथम शिष्य गौतम गणधर को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। जैन धर्म के मतानुसार लक्ष्मी का अर्थ है निर्वाण और सरस्वती का अर्थ है ज्ञान। इसलिए प्रातःकाल जैन मंदिरों में भगवान महावीर स्वामी का निर्वाण उत्सव मनाया जाता है। सिख समुदाय के लिए दीपावली का दिन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन अमृतसर में स्वर्ण मंदिर का शिलान्यास हुआ था। दीपावली के दिन ही सिखों के छठे गुरु हरगोबिन्द सिंह जी को जेल से रिहा किया गया था।

वास्तव में दीपावली एक प्रकार से सामाजिक त्यौहार है, क्योंकि समाज के विभिन्न संप्रदायों के लिए इसका भिन्न-भिन्न महत्व है। जो लोग इस त्यौहार को मनाते हैं, उनके लिए इसका धार्मिक महत्व है। किंतु जो लोग व्यापार आदि से जुड़े हैं, उनके लिए इसका आर्थिक महत्व है। दीपावली स्वच्छता एवं साज-सज्जा का भी पर्व है। दीपावली से पूर्व लोग अपने घरों एवं दुकानों आदि की सफाई करते हैं। घरों में मरम्मत एवं रंग आदि का कार्य कराते हैं। दीपावली वर्षा ऋतु के पश्चात आती है। वर्षा ऋतु में घरों में कीड़े-मकौड़े हो जाते हैं। इसलिए भी सफाई अति आवश्यक है। घरों में रंगोली बनाई जाती है तथा दीप प्रज्ज्वलित किए जाते हैं। घरों व अन्य भवनों को बिजली के रंग-बिरंगे बल्बों की लड़ियों से सजाया जाता है। बच्चे एवं बड़े पटाखे छोड़ते हैं। बहुत से लोग आकाश में कंदील छोड़ते हैं। दीपावली पर खेतों में खड़ी फसल पकनी शुरू होने लगती है, जिसे देखकर किसान प्रसन्न हो उठते हैं। इस दिन व्यापारी अपना पुराना हिसाब निपटाकर नये बही खाते तैयार करते हैं। देशभर में दीपावली पर करोड़ों रुपये का व्यापार होता है। दीपावली से पूर्व बाजार सजने लगते हैं। इस समयावधि में वस्त्र, सौंदर्य प्रसाधन, साज-सज्जा तथा पूजा-अर्चना के सामान से लेकर घर की आवश्यकता का प्रत्येक सामान सर्वाधिक क्रय होता है। इसलिए कम्पनियां सामान क्रय करने पर विशेष छूट देती हैं। इस समयावधि में खाद्य पदार्थो विशेषकर मेवा एवं मिष्ठान की भी बहुत बिक्री होती है। इस समयावधि में रोजगार में वृद्धि हो जाती है। इस समयावधि में पारंपरिक वस्तुओं जैसे मिट्टी के दीपक, मिट्टी के बर्तन, मूर्तियां तथा हस्तशिल्प की वस्तुओं आदि की मांग भी बहुत बढ़ जाती है। इससे इन्हें बनाने वाले कारीगरों को रोजगार उपलब्ध होता है। प्रायः दीपावली पर बिकने वाला सामान महीनों पूर्व बनना प्रारंभ हो जाता है। उल्लेखनीय है कि मोदी सरकार भी दीपावली पर लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाती है। विगत दो वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दीपावली पर रोजगार मेले का आयोजन कर रहे हैं। वर्ष 2023 में उन्होंने दीपावली पर रोजगार मेले का आयोजन करके 51 हजार युवाओं को राज्य सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों में नियुक्ति दी गई थी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में ही रोजगार मेले की शुरुआत हुई थी। तब से निरंतर केंद्र और एनडीए शासित, भाजपा शासित राज्यों में रोजगार मेले का आयोजन लगातार किया जा रहा है, बार-बार किया जा रहा है। अब तक लाखों युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं।

इससे पूर्व वर्ष 2022 में उन्होंने दीपावली पर रोजगार मेले का आयोजन करके पहले चरण में 75 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी थी। इन भर्तियों के लिए रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, डाक विभाग, सीबीआई, कस्टम, बैंकिंग तथा सुरक्षा बलों जैसे विभागों में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। वास्तव में यह रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। आशा है कि रोजगार मेला, रोजगार सृजन में एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा तथा युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। दुख की बात है कि एक ओर जहां दीपावली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोग इस दिन जुआ खेलते हैं तथा मद्यपान करते हैं। अकसर उनमें आपस में लड़ाई भी हो जाती है। कई बार हत्याएं तक हो जाती हैं। इसके अतिरिक्त अत्यधिक आतिशबाजी के कारण ध्वनि एवं वायु प्रदूषण हानिकारक स्तर तक पहुंच जाता है। इससे बच्चों, वृद्धों एवं रोगियों को अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसलिए दीपावली का पावन पर्व श्रद्धा एवं आस्था के साथ मनाया जाना चाहिए।

**(लेखक, जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं।)**

# गैंगस्टर का समर्थन न करे राजनीतिक पार्टियां



योगेश कुमार सोनी


महाराष्ट्र अगले महीने विधानसभा चुनाव का सामना करने वाला है। उत्तर भारतीय विकास सेना के नेता सुनील शुक्ला पश्चिम बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी का रहा है। समझ यह नहीं आता कि इस तरह की बातों से ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं। गैंगवार को लेकर देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है जिसको लेकर हर कोई चाहता है कि देश में अमन-चैन बना रहे लेकिन सुनील शुक्ला जैसे लोग ऐसी बातें करके युवाओं के भविष्य को गलत हवा दे रहे हैं। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से कुछ लोग लारेंस बिश्नोई की सोशल मीडिया पर प्रशंसा कर रहे हैं और उसे कई तरह की उपाधियों से नवाजा जा रहा है। सबसे बडा दुर्भाग्य यह है कि युवा, लारेंस को अपना आदर्श मान रहे हैं। लेकिन यह लोग इतनी सी बात नहीं समझ रहे कि मौत का खेल दूर से देखने में ही मजा आता है, खुद खेलने में जिंदगी में आग लग जाती है। भारतीय राजनीति में कड़े नियम-कानून-कायदे न होने की वजह से इस तरह की तमाम तरह की आजादी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अपराधी भी चुनाव लड़ सकता है और आश्चर्य की बात वह आरोपी भी है और जेल में हैं तब भी चुनाव लड़ सकता है। इससे एक बात तो तय है कि जिस तरह हमारे यहां छूट है उसी का ऐसे लोग बेजा फायदा उठाते हैं। सवाल यह है कि आखिर ऐसे प्रावधान में बदलाव क्यों नहीं हो सकता। क्या इस तरह की संचालन प्रक्रिया आने वाले मौजूदा व आने वाले समय में युवाओं को नकारात्मकता की ओर नहीं ले जाएगी? चुनाव लड़ना देश की सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए होना चाहिए या शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए ? आजकल लोगों की सोच तो शक्ति प्रदर्शन दिखाने की ओर इशारा कर रही है। हमें ऐसी सोच पर नियंत्रण पाना होगा, क्योंकि ऐसे लोगों के लिए चुनाव लड़ने का मतलब केवल सत्ता पर काबिज होना ही होता है। यदि लारेंस बिश्नोई जैसे गैंगस्टर चुनाव लड़ते हैं तो इस बात का क्या अर्थ निकाला जाए। मतलब जिससे देश असुरक्षित महसूस कर रहा है और सुनील जैसे लोग उनके हाथ में जनता की सुरक्षा देने चाहते हैं। जो पार्टी या नेता गलत व सही के बीच फर्क नहीं समझ सकती उसका पंजीकरण रद्द होना चाहिए। जब उनके मंसूबे इस तरह के हैं तो उनसे सकारात्मक राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद करना बेमानी होगा। गुणवत्ता पर बात हो, मुद्दों पर बात हो, तथ्यात्मक घटनाओं पर बात हो, हमें इस तरह की पार्टी व नेता की जरूरत है।

हम पहले से ही बाहरी दुश्मनों से परेशान हैं और यदि अपने देश की आंतरिक व्यवस्था भी आतंकवाद से घिर जाएगी तो चुनौती बड़ी हो सकती है। जम्मू- कश्मीर में बीते मात्र 15 दिनों में 19 लोगों की जाने जा चुकी है। इस समय केन्द्र व राज्य सरकार का सारा ध्यान आतंकवाद पर केन्द्रित है। इसके अलावा दिल्ली में गैंगस्टर के नाम से कुछ लोग दहशत फैला रहे हैं। बहुत सारे तो ऐसे लोग हैं जिनका गैंगस्टर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है और वह उनके नाम पर उगाही तक भी कर रहे हैं। निश्चित तौर पर व्यापारी वर्ग सहमा हुआ रहता है। उदाहरण के तौर यदि दिल्ली के परिवेश की बात करें तो दिल्ली में नीरज बावनिया के नाम पर बहुत सारे लोगों ने गैंग बना लिया है और उसके नाम से ही बदमाशी करते हैं व दिल्ली के व्यापारी वर्ग से रंगदारी मांगते हैं। जबकि इस पर नीरज बवाना ने खुद यह कहा था कि मैं या मेरा कोई भी सदस्य व्यापारियों से रंगदारी नहीं लेता। अब लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर ऐसा हो रहा है और निश्चित तौर पर उसको यह नहीं पता होगा कि उसके नाम का कौन-कौन प्रयोग कर रहा है। हमें इस ट्रैक पर चल रहे युवाओं को समझाना होगा कि किसी भी गैंगस्टर या बदमाश के जीवन का कोई अर्थ नहीं होता। वो चाहे कितना भी पैसा और नाम बना ले लेकिन वह अपनी जिंदगी नहीं जी सकता। वह सारी जिंदगी जेल में ही रहता है। युवाओं को यह नहीं मालूम की इस राह में कितने कांटे है और न तो ऐसे लोगों का कोई जीवन होता और न ही घरवाले कभी सुरक्षित रह पाते।

यदि किसी को कॉपी करना है तो ऐसे लोगों को कॉपी करें, जिससे आपका भविष्य बने। अपनी जिंदगी की कीमत समझें चूंकि यह मानव जीवन आसानी से नहीं मिलता। इसका हर पल व क्षण अपने भविष्य बनाने व परिवार का भविष्य संवारने में लगाएं। गैंगस्टर की जिंदगी में किसी भी प्रकार की खुशी नहीं होती। वह आपसी रंजिश या पुलिस एनकाउंटर में मारे जाते हैं या फिर पकड़े जाने पर पूरी जिंदगी जेल में सड़ते हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टी छोटी हो यहा बड़ी सबको अपना कर्तव्य को याद रखना होगा चूंकि आप सभी समाज को लीड करते हो जिसकी वजह से जैसा आप कहते व प्रस्तुत करते हो वैसे राष्ट्र का निर्माण होता है। किसी भी गलत व्यक्ति के विषय में आप इस तरह की बातें करेंगे तो निश्चित तौर पर समाज में गलत संदेश जाएगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**


# ‘बंटेंगे तो कटेंगे..’ कोई नारा नहीं, सच्चाई है



ललित गर्ग

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह एवं महासचिव श्री दत्तात्रेय होसबोले ने हिंदू समुदाय को जाति और विचारधारा के आधार पर विभाजित करने के प्रयासों के खिलाफ लोगों को आगाह करते हुए समाज और लोक कल्याण के लिए ‘हिंदू एकता’ के महत्व पर भी जोर दिया है। अपने को बचाये रखने एवं दूसरों के मंगल के लिये हिन्दू एकता वर्तमान की बड़ी अपेक्षा है, इसलिये उन्होंने अपना विस्तृत दृष्टिकोण पेश करते हुए न केवल हिन्दू शब्द का विरोध करने वालों पर करारा प्रहार किया है, बल्कि देश में अराजकता का माहौल पैदा करने वाले मुस्लिम संगठनों पर भी सीधी चोट की है। विशेषतः नफरती एवं विघटनकारी सोच के लिये राहुल गांधी पर भी कड़ा प्रहार किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ‘बंटोगे तो कटोगे’ बयान का समर्थन करते हुए कहा कि वर्तमान हालात में हिन्दू एकता बनाए रखना आवश्यक है, क्योंकि कई जगहों पर धर्मांतरण की घटनाएं हो रही हैं। गणेश पूजा और दुर्गा पूजा के दौरान कुछ स्थानों पर हिन्दुओं पर हमले हुए हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर तरह-तरह के अत्याचार हो रहे हैं। हिन्दुओं पर लगातार हो रहे हमलों एवं उन्हें विभाजित किये जाने की साजिशों को नियंत्रित करने के लिये हिन्दू को संगठित होना ही चाहिए। दत्तात्रेय ने जहां हिन्दुओं को जगाया वहीं राजनीतिक दलों की नींद उड़ा दी, विपक्ष विशेषतः कांग्रेस की हिन्दू विरोधी सोच का पर्दापाश किया।

श्री होसबोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में हिन्दू समाज को जाति, भाषा एवं प्रांत के भेद में बांटने के विपक्षी दलों के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि हम बंटेंगे तो निश्चित रूप से कटेंगे, इसलिये हिन्दू समाज में एकता आवश्यक है।’ उन्होंने इसे जीवन मंत्र जैसा बताया। दिया। उन्होंने देश के सामने कुछ ऐसी बड़ी चुनौतियों को भी रेखांकित किया, जिसे लेकर राजनीतिक दलों एवं साम्प्रदायिक संगठनों की भृकुटि कुछ तन गई है। मथुरा स्थित गऊ ग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गौ विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र में आयोजित 25 और 26 अक्टूबर 2024 की इस बैठक में संघ के सभी 46 प्रांतों के प्रांत एवं सह प्रांत संघचालक, कार्यवाह तथा प्रचारकों ने हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह करते हुए कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे। इस बयान की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की, हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने अलग-अलग तरह से इस संदेश को आगे बढ़ाया है। इसी कड़ी में सरकार्यवाह होसबाले हिन्दू एकता एवं संगठन की आवश्यकता व्यक्त की। सरकार्यवाह होसबोले एक सक्रिय, साहसी, चिन्तनशील, राष्ट्रयोद्धा, समाजसुधारक और बदलाव लाने



वाले संघ नेता हैं। वे देशहित में अच्छी रचनात्मक एवं सृजनात्मक बातें करते हैं, बदलाव चाहते हैं, राष्ट्र को तोड़ना नहीं जोड़ना चाहते हैं, अच्छी बात यह भी है कि संघ एक जागरूक संगठन है और हर समस्या पर अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। हर व्यक्ति के दिमाग में एक समस्या है और हर व्यक्ति के दिमाग में एक समाधान है। एक समस्या को सब अपनी समस्या समझे और एक का समाधान सबके काम आए। समाधान के अभाव में बढ़ती हुई समस्या संक्रामक बीमारी का रूप न ले सके, इस दृष्टि से आज का समाधान आज प्रस्तुत करने के लिए आरएसएस निरन्तर जागरूक रहता है। इसीलिये हिन्दू एकता के लिये व्यापक प्रयत्नों की अपेक्षा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोगों की परेशानियों को लेकर भारत सरकार ने कदम उठाए हैं। दुनिया में कहीं भी किसी भी हिंदू को अगर कोई परेशानी होती है तो वह मदद के लिए भारत की तरफ ही देखता है। देश एवं दुनिया में हिन्दुओं से जुड़ी परेशानियों एवं समाधान की दृष्टि से एक सशक्त वातावरण बनना अपेक्षित है। होसबाले ने ऐसी ही जटिल होती समस्याओं में लव जिहाद का मुद्दा भी उठाया और कहा कि लव जिहाद से समाज में समस्या हो रही है। उन्होंने कहा, ‘लड़कियों को लव जिहाद के प्रति जागरूक करें। हमारे समाज की बहन-बेटियों को बचाना हमारा काम है।’ उन्होंने दावा किया कि केरल में 200 लड़कियों को लव जिहाद से बचाया गया है। ध्यान रहे कि अभी राजधानी दिल्ली के नांगलोई इलाके में मुस्लिम लड़के सलीम ने खुद को संजू बताकर हिंदू लड़की सोनिया को प्यार के जाल में फंसाया। सलीम ने सोनिया के साथ शारीरिक संबंध बनाए और उसे गर्भवती कर दिया। सोनिया ने जब शादी दबाव बनाया तो सलीम ने दो दोस्तों के साथ उसकी हत्या कर दी और शव को हरियाणा में अपने ननिहाल के गांव में एक खेत में गाड़ दिया। निश्चित रूप से बंटेंगे तो कटेंगे कोई नारा नहीं बल्कि सदियों की सच्चाई है। जब-जब हिन्दू कमजोर हुआ है, तब तब उस पर अत्याचार बढ़े हैं, उनका सफाया कर दिया गया है। कश्मीर में हिंदुओं ने ताकत नहीं दिखाई तो उनका नरसंहार हुआ। लाहौर की 75 प्रतिशत आबादी हिंदुओं और सिखों की थी, कराची में हिंदू, सिंधी और हिंदू पंजाबी जनसंख्या के दो तिहाई थे, काबुल में 1950 तक एक तिहाई हिंदू-सिख थे, रंगून में एक तिहाई आबादी हिंदुओं की थी, सभी जगहों पर आज हिंदुओं-सिखों का सफाया हो गया। इसीलिये सरकार्यवाह होसबोले की दृष्टि में बंटने के प्रति सचेत करने का मतलब अनेकता में एकता का मंत्र है। हम जाति, वर्ग में भले अनेक हों, लेकिन इस आधार पर हम बंटे नहीं बल्कि एकजुट रहें। बांग्लादेश के संदर्भ में भारत सरकार ने वहां हिंदुओं सहित सभी अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। संघ ने उस समय भी कहा था कि हिंदू समुदाय को वहीं रहना चाहिए और पलायन नहीं करना चाहिए।

संघ की नजरों में धर्मांतरण और हिन्दुओं को विभाजित करने से हिन्दू जनसंख्या का संतुलन बिगड़ा है और वे अल्पसंख्यक होते गये हैं। इस मायने में होसबोले का उद्बोधन कोई स्वप्न नहीं, जो कभी पूरा नहीं होता। यह तो हिन्दुओं को सशक्त एवं विकसित बनाने के लिए ताजी हवा की खिड़की है। यह सामाजिक समरसता का भी जीवनमंत्र है। संघ इस संवाद को कायम रखेगा क्योंकि समाज को तोड़ने के लिए बहुत सी कोशिशें हो रही हैं, विपक्षी दल अपने राजनीतिक हितों के लिये हिन्दू समुदाय को तोड़ने एवं विभाजित करने के लिये तरह-तरह के षडयंत्र कर रहे हैं। एक बार फिर संघ ने राजनीति से परे जाकर देश को जोड़ने, सशक्त बनाने एवं नया भारत निर्मित करने का सन्देश दिया है और इस सन्देश को जिस तरह आकार दिया जाना है, उसका दिशा-निर्देश भी दिया गया है। आरएसएस महासचिव ने कहा, महात्मा गांधी ने भी स्वराज्य का मंत्र दिया था। ‘स्व’ का मतलब है ‘स्वाधीनता’, राष्ट्रीय स्वत्व। यहां हिन्दुओं को अपनी परंपरा, अपनी सभ्यता, उसके अनुभवों के साथ व्यवहार करना है, आधुनिकता का पालन करना है, आधुनिकता में भी ‘स्व’ को नहीं भूलना है। इस ‘स्व’ को जीवंतता देकर ही हिन्दू समाज टूटने एवं बिखरने से बच सकता है। किसी भी समाज में बिखराव की स्थिति होती है तो उसकी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं हो सकता। उपयोग के लिए क्षमताओं को केन्द्रित करना जरूरी है। समाज का हर व्यक्ति अपने आप में एक शक्ति है। इस शक्ति को काम में लेने से पहले उसे एकात्ममुख करना जरूरी है। होसबोले के आ''ान का हार्द हिन्दुओं को सशक्त बनाते हुए राष्ट्र को नयी शक्ल देने का है। वास्तव में यदि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के अपने सपने को साकार करना चाहते हैं तो हमें अपनी सोच और अपने तौर-तरीके बदलने होंगे। जब होसबोले देश को बदलने और आगे ले जाने के लिए संकल्प व्यक्त कर रहे हैं तो फिर हिन्दुओं का भी यह दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से के संकल्प ले, संगठित हो।

# कांग्रेस क्षेत्र और विधायक देखकर जारी करती थी बजट, भाजपा ने सभी 200 विधानसभा में करवाए विकास कार्य: सीएम भजनलाल शर्मा

## भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से पूर्ण रूप से भिन्न, यहां पारदर्शी रूप से आतंरिक लोकतंत्र की कार्य पद्धती पर किया जाता है कार्य: मदन राठौड़

### भाजपा प्रदेश कार्यालय पर संगठन पर्व सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव प्रदेश कार्यशाला आयोजित

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज सोमवार को संगठन पर्व सक्रिय सदस्यता एवं संगठनात्मक चुनाव प्रदेश कार्यशाला प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड की अध्यक्षता में और मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में आयोजित की गई। कार्यशाला में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश चुनाव प्रभारी नारायण पंचारिया, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी और सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक ओंकार सिंह लखावत के मुख्य अतिथ्य में 2 सत्रों में आयोजित की गई।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्षों के साथ जिला प्रभारी और भाजपा कार्यकर्ताओं से संगठन के कार्यों को गति देते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का आ''ान किया। सीएम शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही राष्ट्र प्रथम की नीति पर कार्य करने वाली राजनीतिक पार्टी है। भाजपा में जहां देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कार्य किया जाता है, वहीं आतंरिक लोकतंत्र में विश्वास रखते हुए संगठन के कार्यों को भी लोकतांत्रिक रूप से पूरा किया जाता है। भाजपा में बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सक्रिय सदस्यों को ही पदाधिकारी बनाया जाता है। ऐसे में हम सभी को प्राथमिक सदस्य के साथ सक्रिय सदस्यता भी ग्रहण करनी चाहिए। संगठन पर्व चुनाव में बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष के बाद प्रदेशाध्यक्ष और फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक सक्रिय सदस्य अपनी भूमिका निभाते है। इस लिए हर कार्यकर्ता को निष्पक्षता से आगे बढ़ाने के साथ सक्रिय सदस्य भी बनाने है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कांग्रेसियों की दोगली नीति का उदाहरण देते हुए कहा कि एक ओर भाजपा सरकार है, जिसने बजट में सभी 200 विधानसभाओं के लिए काम किया, वहीं दूसरी ओर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार थी, जो क्षेत्र, विधायक देखकर विकास कार्य करवाती थी। भाजपा ने जो बजट पेश किया, उसकी क्रियान्विती के लिए कार्य भी किए। भाजपा सरकार ने 10 माह में भाजपा संकल्प पत्र के 50 फीसदी से अधिक वादों को पूरा कर दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की पंच निष्ठाओं को मानते हुए कार्यकर्ता पार्टी की रीति और नीति पर विश्वास करता है। इन ही कार्यकर्ताओं की बदौलत आज भाजपा सुदृढ़ संगठन बन पाया है। भाजपा देश के अन्य राजनीतिक दलों से पूर्ण रूप से भिन्न है क्योंकि यहां पारदर्शी रूप से आतंरिक लोकतंत्र की कार्य पद्धती पर कार्य किया जाता है। भाजपा के जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को उपचुनावों के साथ संगठन चुनावों की भी जिम्मेदारी निभानी होगी। राठौड़ ने कहा कि उपचुनावों में भाजपा की सभी सातों सीटों पर जीत से जहां सरकार को ओर अधिक मजबूती मिलेगी, वहीं दूसरी ओर कार्यकर्ताओं के उत्साह में भी अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिलेगी।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यशाला के माध्यम से 29 अक्टूबर को प्रदेशभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन करने का आ''ान किया। राठौड़ ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 अक्टूबर देश की एकता के लिए रन फॉर यूनिटी दौड़ का आयोजन करने का आ''ान किया है। ऐसे में राजस्थान के सभी जिला मुख्यालयों पर भी मंगलवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ आमजन की सहभागिता से किया जाएगा।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के सदस्यता अभियान ने तेजी से लक्ष्य को पूरा किया है। 2014 में जहां 6 माह में 10 करोड़ सदस्य बनाए गए थे, वहीं 2024 में महज 45 दिनों में भाजपा ने 10 करोड़ के लक्ष्य को प्राप्त करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। भाजपा के कार्यकर्ता जब पूर्णरूप से सक्रिय हो जाते है तब लक्ष्य तक पहुंचना बहुत आसान हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक और सक्रिय सदस्यता से कोई भी वंचित ना रहे, इसके लिए पार्टी की ओर से अभियान को 15 नवंबर तक बढाया गया है। भाजपा में हमारा बूथ सबसे मजबूत बनाने का जो ध्येय वाक्य दिया गया है वो भाजपा के मजबूत कार्यकर्ताओं के बदौलत ही दिया गया है।

कार्यशाला में प्राथमिक सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि देशभर में 10 करोड़ सदस्यों में से 61 फीसदी सदस्य 35 साल से कम उम्र के है। ऐसे में यह स्पष्ट हो गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति और नीति में देश का युवा विश्वास जता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से देश की आंतरिक और ब्रा' सुरक्षा को मजबूत करने का काम किया है, उसी प्रकार वैश्विक पटल पर भी राष्ट्र का मान बढ़ाया है। देश का युवा, महिला, किसान और गरीब हर वर्ग मोदी की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। ऐसे में भाजपा के सदस्यता अभियान से जुड़ने के लिए लोगों में उत्साह भी देखा गया है।

भाजपा उपाध्यक्ष एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण पंचारिया ने संगठन पर्व की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के बाद प्रदेश चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की गई। अब जिला चुनाव अधिकारी और दो सह चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की जाएगी। 5 नवंबर से पहले जिला संगठन पर्व कार्यशालाएं आयोजित की जाएगी। इसके बाद बूथ समिति के गठन के लिए मंडल संगठन पर्व सहयोगी की नियुक्ति होगी। मंडल संगठन पर्व कार्यशालाएं 15 नवंबर से पूर्व आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक ओंकार सिंह लखावत ने सभी जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारी से अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य बनाने की अपील की।

कार्यशाला में सदस्यता अभियान में प्रदेश की टॉप 5 विधानसभा के संयोजक एवं सह संयोजकों को सम्मानित किया गया। इसमें कोटा की सांगोद, जयपुर की सांगानेर, विद्याधर नगर, आदर्श नगर, और उदयपुर शहर के संयोजकों को प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड एवं पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन सह चुनाव अधिकारी दामोदर अग्रवाल ने किया और धन्यवाद ज्ञापित सहचुनाव अधिकारी हरिराम रणवां ने किया। मंच पर सह चुनाव अधिकारी सुशील कटारा भी उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सभी जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, महामंत्री, मोर्चो के अध्यक्ष, विभागों के संयोजक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आत्मनिर्भरता व स्वावलंबन की ओर बढ़ते हुए कदम प्योर इंडिया ट्रस्ट धौलपुर



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** धौलपुर जिले में प्योर इंडिया ट्रस्ट व सिडबी स्वावलंबन फाउंडेशन के द्वारा बाड़ी, बसेड़ी ब्लॉक के गावों में 100 महिलाओं को स्वावलंबी वह आत्मनिर्भर बनाने के लिए मेरा गांव मेरा व्यवसाय कार्यक्रम के तहत ट्रस्ट के सुपरवाइजर पुष्पेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किराना, आटा चक्की,कॉस्मैटिक, ब्यूटी पार्लर, टेलरिंग, क्रॉकरी शॉप आदि कुल 12 तरह के बिजनेस की निःशुल्क दुकान उद्यमी प्रशिक्षण देकर खुलवाई गई है।इसके साथ साथ ट्रस्ट के द्वारा व्यवसाय के बढ़ावा के लिए बैनर, सनबॉर्ड, विजिटिंग कार्ड, खाता रजिस्टर, वॉल पेंटिंग, उद्यमी कार्ड, जियो टैगिंग, उद्यमी क्षमता विकास कार्यशाला आदि प्रक्रिया की गई है, बाडी, धौलपुर प्रॉजेक्ट के कार्यकर्ता रामबरन गोस्वामी ने बताया कि आज बाड़ी के चमेली कुंज मैरिज होम में पुनः उद्यमी महिलाओं को उद्यमी प्रशिक्षण देकर और द्वितीय प्रोत्साहन राशि से महिलाओं को बिजनेस किट देकर उत्साहवर्धन किया गया। जो कि उद्यमी महिलाओं के रोजगार को और तेज रफ्तार देने में सहायक होगा। प्रॉजेक्ट के कार्यकर्ता गजानंद शर्मा ने बताया की यह कार्यक्रम संस्थापक प्रशांत पाल के निर्देश अनुसार महिलाओं को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाया जा रहा है। जो कि बाडी ब्लॉक में एक अनूठी मिसाल हैं।

### किशोरी से छेडछाड़ का आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा

**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)** । ग्रामीण क्षेत्र में किशोरी से छेडछाड कर दुष्कर्म प्रयास करने के मामलें में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों की मानें तो ग्रामीण क्षेत्र निवासी चरन जाटव को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि, करीब एक पखवाडे पहले गिरफ्तार आरोपी ने बहला फुसलाकर किशोरी से छेडछाड करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बाद में किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी किशोरी को धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। मामलें में पीडित किशोरी के चाचा ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने जांच पडताल कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



## बाल पाठशाला के संचालक दिगंबर सिंह हुए सम्मानित



चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)** विजय नगर कॉलोनी हीरादास स्थित संचालित निशुल्क बाल पाठशाला के फाउंडर दिगंबर सिंह को भिन्न-भिन्न सामाजिक एवं उत्कृष्ट कार्यो जैसे चार साल से संचालित जरूरतमंद बच्चों के लिए बाल पाठशाला का संचालन करना जिसके अंतर्गत करीब 125 बच्चे अध्यनरत है, समय-समय पर जरूरतमंद लोगों को खाना, पीना एवं राशन आदि की व्यवस्था करना तथा सर्दियों में गर्म कपड़े, कम्बल आदि की व्यवस्था करना और जरूरतमंद मरीजों एवं प्रसुताओं को निशुल्क रक्तदान और रक्तदान शिविरों का आयोजित करना आदि विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने तथा बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए बौद्ध जागृति मंच सेवा संस्था के प्रतिभा सम्मान समारोह एवं राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) जिला भरतपुर के शैक्षिक सम्मेलन में समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह को भी सम्मानित किया गया और बाल पाठशाला के कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरतपुर सांसद संजना जाटव और विधायक सुभाष गर्ग ने की तथा मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बयान अमर सिंह एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर अरविंद वर्मा रहे।

## बाड़ी के गांव पुरा उलावटी में भ्रष्टाचार और धांधली के गंभीर आरोप



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के पंचायत समिति बाड़ी की ग्राम पंचायत पुरा उलाबटी में मनरेगा में भ्रष्टाचार को लेकर पिछले दिनों 72 मेटो को किया गया था ब्लैक लिस्ट, फिर भी लगातार आ रही है।ग्रामीण क्षेत्रों से भ्रष्टाचार और धांधली की शिकायतें, आज फिर पुरा उलावटी के ग्रामीणों ने उपखंड कार्यालय बाड़ी में ज्ञापन दिया। जिसमें कई आरोप लगाए गए, आरोप कि ज्ञापन में महानरेगा योजना और विकास कार्यों के नाम पर फर्जी भुगतान उठाने का लगाया है। आरोप कि ग्राम पंचायत के विकास कार्यों खरंजा, ग्रेवल सड़क आदि कार्यों के नाम पर रुपए उठाने का लगाया है। गंभीर आरोप में पंचायत समिति बाड़ी की ग्राम पंचायत पुरा उलावटी के सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी द्वारा मिली भगत। मामले में पुरा उलावटी के ग्रामीणों ने एसडीएम से निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर बाबूलाल, गब्बर सिंह, सुरेश चंद्र, पतिराम आदि लोग मौजूद रहे।

## जिला पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**चमकता राजस्थान/करौली।** जिला करोली में 12 सितंबर से 18 सितंबर तक हैल्मेट लगाओ जान बचाओ अभियान चलाया गया। जिसमें आमजनों को समझाने व पुलिस का सहयोग करने। प्योर इंडिया ट्रस्ट के प्रतिनिधि खुश बिहारी व्यास को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें। प्योर इंडिया ट्रस्ट के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक करौली को 25 हैल्मेट भेंट किए व आमजन को जागरूक करने में पुलिस का सहयोग किया। इन सभी कार्य को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के द्वारा आज प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। ट्रस्ट प्रतिनिधि खुश बिहारी व्यास ने बताया की संस्था के संस्थापक प्रशांत पाल के मार्गदर्शन में वह कार्य कर रहे हैं।जिला पुलिस प्रशासन का उनके द्वारा कोविड काल में काफी सहयोग किया गया। दवाई किट व मेडिकल हैल्थ कैम्प फेशील्ड। वक्षारोपण कार्यक्रम आदि कई कार्य पुलिस प्रशासन के साथ क किए हैं। इन सभी कार्यक्रम की सहराना करते हैं। पुलिस अधीक्षक ने संस्थापक का आभार जताया।

## उपहार स्वरूप दिया गया भारतीय संविधान

# नावली में पाखंडवाद मुक्त, दहेज मुक्त, मंत्र मुक्त, पच्चीस सौ वर्ष पुरानी बौद्ध परंपरा के अनुसार आदर्श विवाह संस्कार संपन्न

चमकता राजस्थान

भरतपुर। भरतपुर जिले के बयाना उपखंड के गांव नावली झील का बाड़ा में एक अनूठी शादी देखने को मिली जहां शादी समारोह के आयोजन में पाखंड मुक्त, दहेज मुक्त, मंत्र मुक्त 2500 वर्ष पुरानी बौद्ध परंपरा के अनुसार विवाह संस्कार संपन्न हुआ। विवाह संस्कार समारोह स्थल पर तथागत गौतम बुद्ध, बिरसा मुंडा, महात्मा ज्योतिबा फुले, सावित्रीबाई फुले, रामास्वामी पेरियार, संत गाडगे, झलकारी बाई, महामानव विश्वरत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, माता रमाबाई, शहीद ए आज़म भगत सिंह सहित बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों के चित्रों से संस्कार समारोह स्थल को सजाया गया। हिंडौन सिटी उपखंड के बाजना गांव के निवासी सेवानिवृत्ति व्याख्याता लक्ष्मण प्रसाद प्रदेश अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा दक्षिण की जीवन संगिनी के सुपुत्र दारक डॉ. गजेंद्र पाल का विवाह संस्कार बयाना उपखंड के गांव नावली उपासक गुरदयाल सिंह आयुर्वेद कंपाउंडर की जीवन संगिनी उपाशिका ओमवती की सुपुत्री दारिका डॉ. अर्चना के साथ संपन्न हुआ। यह विवाह संस्कार भंते लोकपाल नाग प्राचीन बौद्ध विहार प्रेम नगर मथुरा के द्वारा तथागत गौतम बुद्ध और बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर, कैंडल जलाकर त्रिशरण पंचशील देकर संपन्न कराया। इस विवाह संस्कार में भंते लोकपाल नाग के द्वारा दारक और दारिका को बाबा साहब द्वार बताई गई 22 प्रतिज्ञा एवं संविधान की शपथ दिलाई गई। इस विवाह संस्कार में भीम मिशन गायक, बौद्धाचार्य सूरज राही फिरोजाबाद और उनकी टीम ने भीम मिशन गीत गाकर विवाह संस्कार को संपन्न कराया। बौद्ध परंपरा अनुसार हुए इस विवाह संस्कार में नव विवाहित जोड़े को भारतीय बौद्ध महासभा (दक्षिण) द्वारा तथागत गौतम बुद्ध की तस्वीर और भगवान बुद्ध और उनका धम्म पुस्तक उपहार स्वरूप भेंट की गई। इस आयोजन में भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष पूरणमल बौद्ध अलवर, लक्ष्मण प्रसाद खेड़ी हैबत, हरिचरण बौद्ध बाढ़ करसौली, मान सिंह बौद्ध, रामचरण बौद्ध राम सिंह बौद्ध सवाई माधोपुर, मूकनायक के राष्ट्रीय प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा, रिटायर्ड प्रिंसिपल राम चरण पहाड़ी,जमनालाल बौद्ध, हेमलता बौद्ध, सतीश बौद्ध झिरना, अध्यापक कुलदीप बौद्ध, रेनू बौद्ध, जेईएन महिपाल सिंह बौद्ध, ज्योति बौद्ध, जेईएन मेट्रो दिल्ली हेमंत कुमार बौद्ध, आयुषी बौद्ध बाजना, रिटायर्ड कंपाउंडर माखनलाल, कंपाउंडर, लीला देवी, सावित्री, शांति देवी बाजना सहित सैकड़ो की संख्या में बौद्ध उपासक उपासनाएं एवं धम्म बंधु इस विवाह संस्कार के साक्षी बने एवं सभी ने नव विवाहित जोड़े के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने लॉंच किए तीन पोर्टल

## अब युवाओं व खिलाडियों को मिलेगी एकल विन्डो की सुविधा

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान के युवाओं और खिलाडियों को अब इधर-उधर भटकना नहीं पडेगा। इनकी सुविधा के लिए युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा तीन पोर्टल लॉंच किए गए है। अब उन्हे एकल विन्डो की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है
खेल मंत्री डॉ. कर्नल राज्यवर्धन सिह राठौड ने जिन तीन पोर्टलो को लॉच किया है, उसमें ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर ''युवा महोत्सव'' में युवाओं का रजिस्टेज्शन पोर्टल, ''राजस्थान यूथ आईकॉन अवॉर्ड'' का रजिस्टेज्शन पोर्टल और खिलाडियों के स्पोर्ट्स प्रमाण-पत्र के लिए ''डिजिटल रिपॉजिटरी'' पोर्टल शामिल है।
खेल मंत्री, युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा सोमवार को लॉच किए गये पोर्टल का उदेश्य राज्य की विभिन्न सूचनाओं को एकीकृत स्त्रोत के रूप में इस पोर्टल के माध्यम से युवाओं व खेलों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ एक ही जगह उपलब्ध हो सके।
कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड ने पोर्टल लॉचिंग के बाद कहा कि अब रिपॉजिटरी पोर्टल खिलाड़ियों को उनके सभी खेल प्रमाण पत्रों को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की सुविधा देगा, जिससे उन्हें भौतिक प्रमाण पत्रों की सुरक्षा की चिंता नहीं करनी पड़ेगी।
खेल मंत्री ने बताया कि विभिन्न बजट घोषणाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए युवा मामले एंव खेल विभाग की वेबसाइट पर पोर्टल तैयार किया गया है। राष्ट्रीय युवा महोत्सव की तर्ज़ पर ल्वनजी क्ंल (12 जनवरी) के अवसर पर ''राज्य युवा महोत्सव'' आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। ब्ला-ॅक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर''युवा महोत्सव'' में युवाओं के रजिस्ट्रेषन के लिए पोर्टल तैयार किया गया। जिसमें राज्य के 15-29 वर्ष के विभिन्न प्रतियोगिता और युवा कलाकार द्वारा रजिस्ट्रेषन कर युवा महोत्सव में सहभागिता की जानी है।
कर्नल राज्यवर्धन सिंह ने बताया कि युवा महोत्सव पोर्टल युवाओं के लिए एक विशेष मंच है। इस पोर्टल का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को उजागर करना, उनके सांस्कृतिक और रचनात्मक कौशल को प्रोत्साहित करना है। युवा महोत्सव पोर्टल युवाओं को सामाजिक मुद्दों पर जागरूक करने और उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करेगा।
खेल मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय युवा पुरस्कार की भांति त्रेंजींद ल्वनजी प्बवद ृतक दिया जायेगा। रजिस्टेज्शन के लिए पोर्टल तैयार किया गया है। राजस्थान और देश में विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले 15-29 मध्य आयु वर्ग को युवा प्ररेणा व युवा आइकॉन पुरस्कार देकर प्रोत्साहन किया जायेगा, जिसमें राज्य में विभिन्न क्षेत्रों जैसे-कला व संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान तकनीकी, संचार एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, षिक्षा, उच्च षिक्षा, तकनीकी षिक्षा, कृषि, पर्यावरण, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण तथा स्वच्छता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं की खोज करके चयनित युवाओं को राज्य युवा महोत्सव में पुरस्कार वितरण किया जाना प्रस्तावित है। यूथ आइकन अवार्ड पोर्टल युवाओं की उपलब्धियों और योगदानों को मान्यता देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।
इस अवसर पर शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग और अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद डॉ. नीरज के. पवन भी उपस्थित थे।

## राज्य हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी

- **राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए राज्य टीमों का चयन**
- **इन चैंपियनशिपों में केवल रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे**

RAJASTHAN STATE HANDBALL ASSOCIATION • JAIPUR •

चमकता राजस्थान

जयपुर। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ ने सोमवार को सत्र 2024-25 की सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर राज्य हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का कैलेंडर जारी कर दिया। इन प्रतियोगिताओं में केवल रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते है। जिनके पास आरएच-पिन नंबर होगा। जिन खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है वे खिलाड़ी राज्य हैंडबॉल संघ की वेबसाइट पर लॉगिन कर रजिस्टर्ड करे।
राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि 29वी राजस्थान राज्य सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका) का आयोजन जालोर में 14 से 17 नवंबर तक होगा। इसमें 01.01.2010 को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते है। इसी प्रकार 41वी राजस्थान राज्य जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (बालक व बालिका) का आयोजन चित्तौड़गढ़ में 29 नवंबर से 2 दिसंबर तक होगा। इसमें 01.01.2005 को या उसके बाद जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते है।
उन्होंने बताया कि 47वी राजस्थान राज्य सीनियर महिला हैंडबाल प्रतियोगिता का आयोजन जय भवानी हैंडबॉल अकादमी द्वा-रा श्रीगंगानगर में 6 से 9 दिसंबर तक किया जाएगा। जबकि राज्य सीनियर पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बारां में 14 से 17 दिसंबर तक किया जायेगा।
यश प्रताप सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के दौरान ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये राज्य के संभावितों का चयन भी किया जायेगा।

## भाजपा केवल गाय और धर्म के नाम पर हासिल करना चाहती है वोट : सचिन पायलट


चमकता राजस्थान



**जयपुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने मिडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह सरकार केवल गायों और धर्म के नाम पर वोट हासिल करना जानती है। उनके पास इस बात का कोई डेटा नहीं है कि उन्होंने गायों की सुरक्षा पर कितना खर्च किया है। वे केवल इससे वोट हासिल करना जानते हैं। लोग अंततः उन पर भरोसा करना बंद कर देंगे और उन्होंने पहले ही ऐसा कर दिया है।₹आगे कहा कि सरकार की मंशा हमेशा आंकड़ों को दबाने की रही है। इस सरकार ने लगातार सारे आंकड़ों को जनता के सामने प्रस्तुत नहीं किया है । बेराजगारी के आंकड़े हो , गरीबी के आंकड़े हो । अपना प्रचार करने के लिए नारे देते है । हमारी पार्टी हमेशा बोलती है जातीय जनगणना करनी चाहिए । जनगणना को उन्होंने जानबूझकर कोविड के बहाने स्थगित किया है । भारत सरकार ने जातीय जनगणना तो दूर गिनना भी बंद कर दिया और जो आंकड़े हमारे पास है उनको प्रकाशित नहीं किया हम चाहते है सरकार आंकड़ों का खेल नहीं खेले और जनता के सामने वास्तविक स्थिति प्रकट करने के लिए आंकड़ों का चयन अच्छे से करे,जनगणना आज से नहीं हो रही यह दशकों से हर 10 साल में होती थी ,जान बुझक-र इसमें विलम्ब किया गया है और सरकार की नाकामी छुपाने का यह अच्छा तरीका है आप आंकड़े छुपाएँ और भाषण दो।

## 9 स्किन ने टीरा के साथ साझेदारी कर भारतीय बाजार में किया विस्तार


- **रिलायंस रिटेल के टीरा प्लेटफार्म पर स्किनकेयर उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी**




**चमकता राजस्थान। मुंबई।** प्रसिद्ध स्किनकेयर ब्रांड 9स्किन ने रिलायंस रिटेल के टीरा के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह सहयोग 9स्किन के डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर मॉडल से आगे बढ़कर भारत के ऑफलाइन रिटेल में प्रवेश का प्रतीक है। लॉन्च के मौके पर 9 स्किन ने विशेष 'स्किडरेला' हाइड्रोजेल मास्क पेश किया है, जो केवल टीरा पर उपलब्ध होगा। यह मास्क गहरी हाइड्रेशन और त्वचा को पुनर्जीवित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। टीरा की सह-संस्थापक भक्ति मोदी ने कहा, ''9स्किन के साथ साझेदारी करना हमारे लिए गर्व की बात है। टीरा का उद्देश्य हमेशा से अपने ग्राहकों को सबसे बेहतर और नवीनतम स्किनकेयर उत्पाद उपलब्ध कराना रहा है।'' 9 स्किन की सह-संस्थापक नयनतारा ने कहा, 'हम टीरा के साथ साझेदारी कर भारतीय बाजार में अपनी पहुंच बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं।' 9स्किन के उत्पादों की कीमत 999 रुपये से 1899 रुपये तक है, जो अब टीरा के ऑनलाइन और ऑफलाइन प्लेटफॉर्म और 9स्किन की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे।

## त्वरित क्रियान्वयन से आमजन को पहुँचाये लाभ: वैभव गालरिया (प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग )

चमकता राजस्थान





जयपुर, 28 अक्टूबर। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने सोमवार को सचिवालय परिसर में वीसी के माध्यम से बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जयपुर मेट्रो के विस्तार, वाईफाई युक्त लाईब्रेरी तथा को-वर्किंग स्टेशन के निर्माण, जयपुर के निकट हाईटेक सिटी निमार्ण, रीजनल अरबन प्लानिंग बिल, विभिन्न शहरों में एलिवेटेड रोड़ निर्माण, सड़क निर्माण, आरओबी निर्माण, पार्कों का विकास, सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने सहित अन्य बजट घोषणाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने बैठक में कहा की राज्य सरकार की मंशानुसार गांव से लेकर कस्बे तक, शहर से लेकर जिला मुख्यालय तक विकास कार्य कराये जा रहे हैं ऐसे में प्रभावी कार्ययोजना बनाकर योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाना अतिमहत्वपूर्ण है। गालरीया ने निर्देश दिये कि जिस बजट घोषणा के कार्यो की निविदा जारी नहीं हुई है उन्हें तत्काल जारी किया जाये। उन्होनें विकास प्राधिकरणों एवं नगर विकास न्यास के उच्चाधिकारियों को त्वरित गति से कार्य सम्पादित करवाये जाने, गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने तथा प्रगतिरत कार्यो की नियमित सघन मॉनिटरिंग करने के भी सख्त निर्देश दिये। उन्होनें विभिन्न नगरीय निकायों में 175 करोड़ से अधिक व्यय से चल रहे पौधरोपण के कार्यो की समीक्षा भी की। गालरीया ने कहा कि पौधों को रोपने के साथ ही उनका संरक्षण और संवर्द्धन भी उतना ही जरूरी है। ऐसे में उन्होनें अपने क्षेत्रों में हुए पौधारोपण के बाद उनके संरक्षण पर ध्यान देने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी प्रदान किये। उल्लेखनीय है कि जयपुर शहर में 5 करोड़ रू. की लागत से जनकमार्ग से सिरसी रोड़ गौतम मार्ग तक ऐलीवेटेड रोड़, 2 करोड़ रू. की लागत से सी-जोन बाईपास पर राणा कुम्भा रोड़ तक ऐलीवेटेड रोड़, 1100 करोड़ रू. की लागत से अम्बेडकर सर्किल से जवाहर सर्किल तक ऐलीवेटेड रोड़, 400 करोड़ रू. लागत से कलेक्ट्रेट सर्किल से सरदार पटेल मार्ग तक का कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण कराया जाना है तथा हाईटेक सिटी का कार्य सितम्बर, 2025 तक जयपुर मेट्रो विस्तार का कार्य फरवरी, 2025 तक एवं वाई-फाई एनेबल्ड लाईब्रेरी तथा को-वर्किंग स्टेशन का कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।
बैठक में आवासन मण्डल आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा, नगरीय विकास विभाग के शासन उपसचिव रवि विजय एवं राकेश कुमार गुप्ता तथा सभी विकास प्राधिकरणों के आयुक्त एवं नगर विकास न्यासों के सचिव अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ झालावाड के जिला अध्यक्ष जसबन्त फौजदार ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान समय में संघटन की कई माँगे हैं जिनमें से प्रमुख माँगे है कि शिक्षा विभाग मे मर्जर के बाद विभाग ने समायोजन के नाम पर जो काउँसलिंग करवाई थी वो नियम के विरूद्ध सरासर गलत है एंव राज्य सरकार के द्वारा संचालित समस्त पी एम श्री एंव विवेकानन्द माडर्न स्कूल और महात्मा गाँधी स्कूलों में इसी सत्र 2024 -25 में बालवाटिका संचालित हों जिससे मंहगाई के जमाने में गरीब बच्चों को सर्वागीण विकास हेतु अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिल सके नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार इनकी भारी संख्या आवशयकता को देखते हुए राज्य सरकार को ठ.ळ.ळ. डिग्री फिर से प्रारम्भ करनी चाहिए।
जसवंत फौजदार ने अपने व्यक्ततों मे कहा कि यदि पूर्व प्राथमिक शिक्षा को महंगाई के समय में बढावा देना मानवीय दृष्टीकोण से सराहनीय कदम साबित होगा।

### मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एक दिवसीय दौरे पर 29 को

**चमकता राजस्थान। भरतपुर,(राजवीर सिंह)** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एक दिवसीय दौरे पर 29 अक्टूबर मंगलवार को भरतपुर आयेंगे।



जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री प्रातः 10.15 बजे भरतपुर एमएसजे कॉलेज मैदान हैलीपैड पहुॅचेंगे जहां से 10.25 बजे आरबीएम अस्पताल पहुॅचकर माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वीसी के माध्यम से पीएम आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रेक्चर मिशन के अन्तर्गत क्रिटिकल ब्लॉक्स के शिलान्यास के समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अपरान्हः 2.30 से 3.30 बजे तक सर्किट हाउस में रहेंगे तथा अपरान्हः 3.35 बजे एमएसजे कॉलेज मैदान में हैलीकॉप्टर से रवाना होकर 3.45 बजे ग्राम अटारी स्थित हैलीपैड पहुॅचेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सांय 3.45 से 4.45 बजे तक ग्राम अटारी में स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेकर जयपुर के लिये प्रस्थान करेंगे।

### जयपुर गारमेंट क्लब दीपावली स्नेह मिलन समारोह समारोह 2024



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** सीतापुरा और मानसरोवर की टॉप मैन्युफैक्चर गारमेंट ईकाई जो जयपुर गारमेंट क्लब के मेम्बर है सभी के साथ आज 26 अक्टूबर 2024 को शयाम को दीपावली स्नेह मिलन समारोह 2024 की पार्टी की धूम धाम से सभी गारमेंट क्लब के सभी मेम्बर के साथ मिलजुल कर किया किया। ये दिवाली के उत्सव के बाद सभी गारमेंट इकाई अच्छा बिज़नेस करे। जयपुर गारमेंट क्लब के अध्यक्ष दीपक जैन और सेकेटरी अशोक गुप्ता ने सभी मेंबर्स का स्वागत व आभार व्यक्त किया। सभी मेम्बर को दीपावली की बधाई दी और साथ जल्द ही जयपुर में जनवरी में काफ़ी बड़ा नेशनल लेवल पर गारमेंट बी 2 बी एक्सहिबिशन लगायी जा रही है। जिस में 2025 के नये ऑर्डर मिलने के लगाया जा रहा है ।

### माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रन फोर यूनिटी को दिखाएंगे हरी झंडी

- **अमर जवान ज्योति से शुरू होगी रन फोर यूनिटी**
- **क्रीडा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने लिया तैयारियों का जायजा**



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में 29 अक्टूबर को रन फोर यूनिटी दौड का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में मंगलवार को गुलाबी नगरी में भी इसका आयोजन होगा। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा प्रातः 07:00 बजे अमर जवान ज्योति से हरी झंडी दिखाकर इस दौड को रवाना करेगें।
राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव, राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि रन फोर यूनिटी दौड के अवसर पर आम जनों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। इस दौड में अन्तर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर के खिलाडियों सहित प्रशिक्षकगण, विभिन्न रनर्स क्लब, सामाजिक संघटनों के प्रतिनिधि, स्कूल कॉलेजो के छात्र-छात्राए भाग लेगीं।
उन्होने बताया कि रन फोर यूनिटी दौड सवाई मानसिंह स्टेडियम से प्रारम्भ होकर विधानसभा, नगर निगम, अर्जुन गेट, रामबाग सर्किल और अम्बेडकर सर्किल से होते हुए वापिस सवाई मानसिंह स्टेडियम के 5 नम्बर गेट पर सम्पन्न होगी।
युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव और राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के अध्यक्ष डॉ. नीरज के. पवन ने सोमवार की सायं को तैयारियों का जायजा लिया। डॉ. पवन ने इस कार्यक्रम से जुडें अधिकारियों और कर्मचारियों को तैयारियों के संबंध में आवशयक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद राजेन्द्र सिह सिसोदिया, नगर निगम जयपुर ग्रेटर के डिप्टी कमिश्नर प्रियवरित सिंह चारण सहित खेल परिषद के अधिकारी उपस्थित थे।

## जेडीए के पीले पंजें का अवैध कॉलोनाईजर्स में दिखने लगा है असर

# उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा कैलाश चन्द विश्नोई के कुशल निर्देशन में जेडीए कर रहा है नवीन अवैध कॉलोनियों पर निर्बाध रूप से कार्रवाई

### नवीन अवैध कॉलोनियों, अवैध निर्माणों, अतिक्रमणों के खिलाफ की जायेगी विधिसम्मत प्रभावी कार्रवाई : आदर्श चौधरी

चमकता राजस्थान






## जेडीए ने 31 बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त

जयपुर! (खलील कुरैशी) 28 अक्टूबर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन में निजी खातेदारी की करीब 31 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित दांतली पुलिया, बसंत विहार कॉलोनी के पीछे, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''कैलाशपुरी'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।जेडीए द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम खोरी रोपाड़ा सन शाईन रिसोर्ट के सामने, लुनियावास से बाईपास की तरफ जाने वाली रोड़, जिला जयपुर में करीब 15 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''सूर्य विहार द्वितीय'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित ग्राम पुराना बगराना, जिला जयपुर में करीब 11 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''रिवर वैली'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें, मकानों की बाउण्ड्रीवाल, सीमेन्ट के ब्लॉक के पिल्लर, बाउण्ड्रीवाल, ईट, पत्थर, बजरी डालकर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही की सुनिष्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील है कि प्रवर्तन संबंधित षिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

## संक्षिप्त समाचार

### जयसिंहपुरा खोर सामूहिक बलात्कार प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए दिया गया प्रतिकर

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की पहल
- पीड़ित प्रतिकर मीटिंग का हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान। जयपुर, !(खलील कुरैशी) 28 अक्टूबर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(जिला एवं सेशन न्यायाधीश) अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश श्रीमाली, अध्यक्ष, जयपुर महानगर द्वितीय की अध्यक्षता में राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं विधिक सहायता के संबंध में मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग के क्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण(अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जयपुर महानगर द्वितीय पल्लवी शर्मा ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन को त्वरित न्याय दिलाने के क्रम में हाल ही में जयपुर शहर के जयसिंहपुरा खोर बलात्कार प्रकरण में अविलंब थाने से रिपोर्ट तलब की गयी साथ ही संबंधित विभाग से प्रकरण की सूचना प्राप्त कर थाने से पीड़िता के आवशयक दस्तावेजात तलब कर प्रतिकर हेतु मीटिंग का आयोजन कर प्रतिकर राशि स्वीत की गयी। इस क्रम में शर्मा ने कहा कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी एक्शन प्लान में दिए गए विभिन्न दिशा-निर्देशों की पालना में मीटिंग का आयोजन किया जाता है किन्तु प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अध्यक्ष महोदय द्वारा त्वरित मीटिंग का निर्णय लिया गया। उक्त प्रकरण के अतिरिक्त मीटिंग में पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत कुल 142 प्रार्थना-पत्र/आवेदन-पत्र रखे गए जिन पर कमेटी के अध्यक्ष व सदस्यगण द्वारा विचार-विमर्श पर प्रतिकर राशि/अवार्ड पारित किए गए। इस प्रकार मीटिंग में कुल 143 प्रकरण रखे गए एवं उक्त प्रकरणों को निस्तारित करते हुए कुल 72,47,000 राशि का अवार्ड पारित हुआ। इसी के साथ विधिक सहायता के तहत नियुक्त अधिवक्तागण के देय मानदेय के संबंध में भी आवशयक कार्यवाही की जाकर अधिवक्तागण को नियमानुसार देय मानदेय के ऑर्डर जारी किए गए।बैठक में अनीष दाधीच, न्यायाधीश श्रम न्यायालय क्रम सं.01, जयपुर महानगर द्वितीय, शिव कुमार, न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण क्रम सं. 1, जयपुर महानगर द्वितीय, नवीन कुमार किलानिया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जयपुर महानगर द्वितीय, अमित कुमार, पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर पश्चिम, पवन शर्मा, अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, सन्त कुमार जैन, लोक अभियोजक उपस्थित रहे।

## राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट- 2024

# अतिरिक्त जिला कलक्टर विनीता सिंह की मौजूदगी में 1500 करोड़ के निवेश करारों पर बनी सहमति

- 15 हजार रोजगार के अवसर होंगे सृजित

चमकता राजस्थान



जयपुर! (खलील कुरैशी)28 अक्टूबर। जयपुर, जयपुर ग्रामीण एवं दूदू जिलों की जिला स्तरीय इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन 8 नवंबर 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा। मीट के सफल आयोजन के लिए संपूर्ण जिले के उद्यमियों से संपर्क किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह ने सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में सीतापुरा जैम्स एवं ज्वैलरी इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन, लघु उद्योग भारती रामचन्द्रपुरा, जैम्स एवं ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशनल काउन्सिल के सदस्य एवं पदाधिकारियों के साथ संवाद किया।चाकसू के निकट रीको द्वारा प्रस्तावित नए औद्योगिक क्षेत्र में इकाईयां स्थापित करने के रुझान के साथ जैम्स एवं ज्वेलरी एसोसिशन एवं जैम्स एवं ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशनल काउन्सिल के सदस्यों के द्वारा अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, जिला उद्योग केन्द्र एवं रीको के अधिकारियों की उपस्थिति में 500 करोड़ का निवेश किए जाने के एमओयू हस्ताक्षरित किए गए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी एसोसिएशन ऑफ गारमेण्ट एक्सपोर्ट सीतापुरा द्वारा 900 करोड़ के एमओयू प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त एसवीए एडिबल ऑयल्स द्वारा 1000 करोड़ के निवेश का एमओयू भी प्राप्त हुआ। इस प्रकार कुल 1500 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।सीतापुरा जैम्स एवं ज्वैलरी एसोसिएशन के द्वारा अवगत करवाया गया है कि वर्तमान में औद्योगिक क्षेत्र सीतापुरा में लगभग 200 जैम्स एवं ज्वैलरी की इकाईयां कार्यरत हैं इनके द्वारा लगभग 5000 करोड़ का निर्यात किया जा रहा है, जिसमें प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 15 हजार व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध हो रहा है।इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला एवं वाणिज्य केन्द्र जयपुर (शहर) शिल्पी आर. पुरोहित एवं वरिष्ठ महाप्रबंधक रीको ईपीआईपी सीतापुरा एवं सीतापुरा जेम्स एवं ज्वेलरी इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारी अरविन्द गुप्ता, जयदीप गुप्ता, नितिन खण्डेलवाल, डॉ. नीरज शर्मा, धर्मेन्द्र पाठक, डॉ. चित्रा पाठक, अभिषेक सांड, नितेश गोयल, आनन्द जी राव, अग्रिम गर्ग एवं लघु उद्योग भारती रामचन्द्रपुरा के पदाधिकारी प्रवीण तिजारिया, अनिल कुमार पारीक के साथ-साथ लगभग 25-30 उद्यमियों द्वारा भाग लिया गया।


## जिले की चिड़ावा, पिलानी, सदर, गुढ़ागौड़जी व बुहाना थाना पुलिस की कार्रवाई

# झुंझुनू जिले में अवैध हथियार एवं फायरिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई

### दो अवैध देशी कट्टे, एक जिंदा कारतूस, एक अवैध व एक लाइसेंस शुदा पिस्टल एवं 10 जिंदा कारतूस, दो मैगजीन व एक धारदार हथियार जब्त

चमकता राजस्थान

**जयपुर/झुंझुनू! (खलील कुरैशी) 28 अक्टूबर।** झुंझुनू जिले की चिड़ावा, पिलानी, सदर, गुढ़ागौड़जी व बुहाना थाना पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में दो अवैध देशी कट्टे, एक जिंदा कारतूस, एक अवैध व एक लाइसेंस शुदा पिस्टल एवं 10 जिंदा कारतूस, दो मैगजीन व एक धारदार हथियार जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया है।एसपी शरद चौधरी ने बताया कि आगामी विधानसभा उपचुनाव को मध्य नजर रखते हुए सभी थाना पुलिस एवं एजीटीएफ को अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों की पालना में अवैध हथियारों के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है।




### चार आरोपी गिरफ्तार, एक नाबालिग निरुद्ध

- **गुढ़ागौड़जी पुलिस ने जमीनी विवाद में पिस्टल लहरा डराने के आरोपी को किया गिरफ्तार, एक पिस्टल, 10 कारतूस व दो मैगजीन की जब्त**

» एसएचओ राम मनोहर मय टीम द्वारा 26 अक्टूबर को गांव सौन्थली में जमीनी विवाद को लेकर पिस्टल हवा में लहरा धमकी देकर दहशत पैदा करने के मामले में आरोपी जुगल किशोर जाट पुत्र प्रहलाद सिंह (46) निवासी आरामी की ढाणी तन सौन्थली थाना गुढ़ागौड़जी को गिरफ्तार कर एक लाइसेंसशुदा पिस्टल व 10 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

- **बुहाना पुलिस ने अवैध धारदार हथियार सहित आरोपी को किया गिरफ्तार**

» एसएचओ दयाराम चौधरी मय टीम द्वारा गांव लालवास से आरोपी विकास उर्फ लैला पुत्र रतन सिंह नायक (25) निवासी गांव कुहाड़वास को गिरफ्तार कर एक धारदार हथियार जब्त किया है।

- **थाना सदर पुलिस ने अवैध पिस्टल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार**

» थाना सदर एएसआई आशुतोष मय टीम द्वारा गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर चूरू रोड पर सम्राट होटल के सामने सन्दिग्ध रुप से घूम रहे आरोपी सतीश कुमार जाट पुत्र फुलाराम (20) निवासी ओजरिया थाना तारानगर जिला चूरु को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अवैध देशी पिस्टल जप्त की है।

- **पिलानी पुलिस ने देशी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार**

» एसएचओ पिलानी नारायण सिंह मय टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी केशव उर्फ चीनू नायक पुत्र विनोद (19) निवासी देवरोड को राजगढ़ रोड बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर एक देशी कट्टा जब्त किया गया।

- **चिड़ावा पुलिस ने अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस सहित नाबालिग को किया निरुद्ध**

रविवार को कांस्टेबल महेंद्र कुमार को मुखबिर से मिली सूचना पर एएसआई ओमप्रकाश सिंह मय टीम द्वारा आदर्श कॉलोनी हथियार बेचने की फिराक में घूम रहे एक नाबालिग को डिटेन कर उसके पास से एक देशी कट्टा लोडेड जब्त किया गया, जिसमें एक कारतूस मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चार आरोपी किये गिरफ्तार

- गौवंश तस्करी मे 19 साल से फरार 02 अंतरर्राज्यीय तस्कर मंदसौर से गिरफ्तार
- पोक्सो एक्ट के मामले मे 08 साल से फरार तथा चोरी के मामले में 01 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। जयपुर/चित्तौड़गढ़,!(बाबू अग्नानी) 28 अक्टूबर।** चित्तौड़गढ़ जिले में कोतवाली निम्बाहेड़ा थाना पुलिस ने फरार व वांछित अपराधियों की धरपकड़ में प्रभावी कार्रवाई करते हुए अलग अलग चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गौवंश तस्करी मे 19 साल से फरार 02 अंतरर्राज्यीय तस्कर मंदसौर से व पोक्सो एक्ट के मामले मे 08 साल से फरार आरोपी निम्बाहेड़ा तथा चोरी के मामले एक साल से फरार आरोपी बड़ौलीघाटा से गिरफ्तार किया है ।एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार वांछित अपराधियों, स्थाई वारण्टीयों, गिरफ्तारी वारण्टीयों की धरपकड के लिये एक विशेष अभियान चलाया जा रहा। अभियान की सफलता के लिए एएसपी सरिता सिंह, सीओ निम्बाहेड़ा बद्रीप्रसाद राव व एसएचओ रामसुमेर के नेतृत्व मे कोतवाली निम्बाहेड़ा थाने से एएसआई सूरज कुमार, कांस्टेबल सुमित, देवेन्द्र, ज्ञानप्रकाश व वीरेन्द्र की टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर गौवंश तस्करी मे लिप्त 19 साल से फरार मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के मुल्तानपुरा थाना वा-ईडी नगर निवासी 50 वर्षीय मोहम्मद अली उर्फ हनीफ पुत्र ईस्माईल खान व 38 वर्षीय लियाकत पुत्र सब्बीर को मंदसौर के मुल्तानपुरा से गिरफ्तार किया गया। वहीं पोक्सो एक्ट के मामले मे 08 साल से फरार आरोपी वसुंधरा विहार कॉलोनी निम्बाहेड़ा निवासी सुनिल कुमार पुत्र कन्हैयालाल नायक को निम्बाहेड़ा से एवं चोरी के मामले में एक साल से फरार आरोपी कोतवाली निम्बाहेड़ा के बडोलीघाटा निवासी 48 वर्षीय गेहरी लाल पुत्र चतुर्भुज गायरी को गिरफ्तार किया हैं। गोवंश तस्करी के दो आरोपियों को पकड़ने में मुल्तानपुरा चौकी प्रभारी कपिल सौराष्ट्र और उनकी टीम का योगदान भी रहा।

### बच्चों का हित सर्वोपरि, मातृभाषा में प्री प्राइमरी शिक्षा है जरूरी - कृष्ण कुणाल: शासन सचिव, स्कूल शिक्षा

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर शिक्षक संघ एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों से संवाद



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 28 अक्टूबर।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के शिक्षा संकुल परिसर में सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत शिक्षक संघ एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ शिक्षा की दिशा और दशा पर व्यापक चर्चा हुई। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृष्ण कुणाल, शासन सचिव स्कूल शिक्षा ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए मातृभाषा में प्री प्राइमरी शिक्षा को आवश्यक बताया। उन्होंने बताया कि शिक्षा में बच्चों का हित सर्वोपरि है।

- **प्री प्राइमरी शिक्षा का महत्व और सुधार की पहल -**

कुणाल ने कहा कि तीन से आठ साल के बच्चों के बौद्धिक, स्वास्थ्य और कौशल विकास के लिए उनकी मातृभाषा में प्री प्राइमरी शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए। इसके लिए एक आसान शब्दकोश तैयार किया जा रहा है जिससे बच्चों को स्थानीय भाषा में पढ़ने में सहायता मिलेगी। उन्होंने ड्रॉप आउट दर को कम करने के लिए प्री प्राइमरी शिक्षा को मजबूत बनाने और सरकारी विद्यालयों को सुदृढ करने पर जोर दिया।

- **शाला दर्पण का होगा सरलीकरण**

» शासन सचिव ने शाला दर्पण पोर्टल को सरल बनाने की बात कही जिससे राजकीय विद्यालयों में उपस्थिति मॉनिटरिंग और मूल्यांकन में सुधार होगा।

- **बैठक में सहमति और सुझाव**

» बैठक में शिक्षकों की ऑनलाइन ट्रेनिंग, नियमित दक्षता पर–ीक्षा, पारदर्शी स्थानान्तरण नीति और विद्यालयों की सक्सेस रेटिंग पर विस्तृत चर्चा हुई। शिक्षा सचिव ने भविष्य में इन सुधारों को लागू करने का आश्वासन दिया और अन्य आवश्यक सुझावों का भी स्वागत किया।

- **उपस्थित प्रतिनिधि**

» बैठक में माध्यमिक शिक्षा के निदेशक आशीष मोदी, प्रारंभिक शिक्षा के निदेशक सीताराम जाट के साथ शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि और मंत्रालय के कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं हों सुनिश्चित, सरकारी योजनाओं का हो बेहतर क्रियान्वयन : डॉ जितेंद्र कुमार सोनी जिला कलक्टर

## जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला निष्पादक समिति की बैठक

चमकता राजस्थान



**जयपुर,!(खलील कुरैशी) 28 अक्टूबर।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला निष्पादक समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर डॉ जितेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि सभी शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार वाले राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करावें, साथ ही विद्यालयों में सरकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन पर भी फोकस किया जाएउन्होंने कहा कि शिक्षा अधिकारी पीएम श्री स्कूलों का नियमित निरीक्षण करें साथ ही विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था, टॉयलेट, पुस्तकालय सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं दुरुस्त रखें। उन्होंने विद्यालयों के पुस्तकालयों में रखी पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों में करने एवं विद्यार्थियों से पुस्तक अध्ययन एवं रखरखाव के लिए प्रेरित करने के लिए भी निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि ज्ञान धरा अभियान के तहत भूमि विहीन विद्यालयों को जल्द से जल्द भूखंड एवं खेल मैदान की व्यवस्था होसाथ ही उन्होंने कहा कि जिन राजकीय विद्यालयों में अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं है, उन सभी विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। जिला कलक्टर ने शिक्षा अधिकारियों को राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि करने, जन आधार प्रमाणिकरण, आधार प्रमाणिकरण सहित अन्य आवंटित कार्यों से जुड़े लक्ष्य जल्द से जल्द हासिल करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारियों सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाड़मेर जिले में डीएसटी व थाना रागेश्वरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# गुजरात नंबर के टैंकर से 45 लाख की अवैध शराब बरामद : विभिन्न ब्रांड के 388 कार्टन जब्त कर तस्कर को किया गिरफ्तार

चमकता राजस्थान



**जयपुर/बाड़मेर!(खलील कुरैशी) 28 अक्टूबर।** बाड़मेर जिले की स्पेशल टीम एवं थाना रागेश्वरी पुलिस ने मेगा हाईवे पर नाकाबंदी में गुजरात नंबर के टैंकर से भारी मात्रा में पंजाब निर्मित अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने टैंकर में मिली विभिन्न ब्रांड की अवैध अंग्रेजी शराब के 388 कार्टून जब्त कर आरोपी रमेश गिरी पुत्र ईश्वर गिरी निवासी शिवनगर थाना सदर बाड़मेर को गिरफ्तार कर लिया। जब्त शराब की कीमत करीब 45 लाख रुपए आंकी गई है।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि शराब की तस्करी की रोकथाम व तस्करों की धरपकड़ के लिए आईजी जोधपुर रेंज के निर्देश पर जिले में विशेष अभियान ₹ऑपरेशन भौकाल₹ चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ सुखराम बिश्नोई के सुपरविजन एवं एसएचओ आदेश कुमार एवं डीएसटी प्रभारी एएसआई अमीन खान मय टीम द्वारा नया नगर के पास मेगा हाईवे पर नाकाबंदी की गई थी नाकाबंदी के दौरान गुजरात नंबर का टैंकर आता हुआ दिखाई दिया, जिसे रूकवाकर तलाशी ली गई। तलाशी में टैंकर में मिली पंजाब निर्मित विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब के 388 कार्टून जब्त कर पुलिस ने आरोप वाहन चालक रमेश गिरी को आबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से अवैध शराब की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ की जा रही हैइस कार्रवाई में बाड़मेर जिले की स्पेशल टीम के हैड कांस्टेबल नर सिंह व कांस्टेबल रमेश कुमार की विशेष भूमिका रही। मामले में थाना रागेश्वरी पर आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

### दौसा में मुस्लिम समाज द्वारा विधानसभा उपचुनाव में जगमोहन मीणा के पक्ष में आयोजित की गयी जनसभा

- मुस्लिम समाज के मान सम्मान की लड़ाई में हमेशा अगुवाई करूंगा :- डॉ किरोड़ी लाल मीणा



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** दौसा शहर में आम मुस्लिम समाज द्वारा दौसा विधानसभा उपचुनाव भाजपा प्रत्याशी जगमोहन मीणा के पक्ष में आम मुस्लिम समाज की एक बड़ी सभा का आयोजन हुआ। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने केंद्र की मोदी सरकार और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रहीलोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सबका साथ,सबका विकास, सबका विकास के नारे को दोहराया। और मुस्लिम समाज लोगो से भाजपा के पक्ष मे मतदान की अपील की ।मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों ने जगमोहन मीणा को समर्थन देने का आश्वासन दिया ।सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने अल्पसंख्यक समुदाय के मान सम्मान की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ने का भरोसा दिलाया और दौसा के विकास को नई गति देने का वादा किया ।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल शर्मा, मोर्चा प्रदेश मंत्री एवं विधानसभा प्रभारी एडवोकेट मुराद अली शेख, सह प्रभारी डॉ. शौकीन आलम, मेहनाज पटेल, मोर्चा जिला अध्यक्ष नासिर खान,पूर्व उपाध्यक्ष नथन खान,पूर्व मोर्चा जिला अध्यक्ष हाजी आमीन खान,एजाजुद्दीन खान, इब्राहिम खान एडवोकेट, जावेद खान, सवाई माधोपुर जिला अध्यक्ष तनवीर खान, पार्षद सनी खान, जब्बार खान, सिकंदर खान, अखलाक खान सहित सैकड़ो की संख्या में अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

# दीपावली पर सार्वजनिक निर्माण विभाग में संवेदकों को भुगतान नहीं होने से आक्रोश

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** सार्वजनिक निर्माण विभाग में विभाग द्वारा संवेदकों को भुगतान नहीं करने से दीपावली पर संवेदकों के सामने मज़दूरों को भुगतान करने की समस्या खड़ी हो गई है संवेदकों से हुई बातचीत में उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे कई संबंधित अधिकारियों को भी समस्याओं से अवगत करा चुके हैं लेकिन अधिकारियों द्वारा इस शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने के कारण उनके सामने मज़दूरों को भुगतान की समस्या खड़ी हो गई है दीपावली पर्व मनाने के लिए सभी संवेदक अपने कर्मियों को बोनस और मिठाईयां बांटते हैं ताकि खुशी-खुशी पर्व मनाएं लेकिन इस बार उनके सामने बड़ी आर्थिक समस्या पैदा हो गई है ! राज्य शासन ने दीपावली पर्व को देखते हुए वेतन का भुगतान दो दिन पहले करने का निर्देश दिया है। इसी तरह ठेकेदारों को भी भुगतान करना चाहिए। दीपावली पर्व सबके लिए महत्वपूर्ण है। निर्माण कार्यों में काम करने वाले मजदूरों को भी भुगतान करना जरूरी होता है। समय पर भुगतान नहीं होने से ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति अभी ठीक नहीं है,इसके कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है,इस समस्या को देखते हुए सभी ठेकेदारों को भुगतान किया जाए।

# राजधानी जयपुर में मुस्लिम शिया समुदाय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रखा अपना पक्ष

## हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और सामाजिक वैमनस्यता फैलाने का लगाया आरोप

चमकता राजस्थान

### ‘हम शांति बनाए हुए हैं’, भाजपा विधायक की केंद्रीय रक्षामंत्री से भी की गयी है शिकायत : मौलाना डॉ. यासूब अब्बास





**जयपुर।** राजधानी जयपुर की हवामहल विधानसभा सीट से विधायक बालमुकुंदचार्य के खिलाफ शिया समुदाय ने संगीन आरोप लगाए है।विधायक बालमुकुन्दाचार्य धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाते हैं और गंगा जमुनी तहजीब को खंडित कर सांप्रदायिक वैमनस्यता फैलाने का काम कर रहे हैं। जिस तरह से उन्होंने धार्मिक स्थल पर अभद्रता की उसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। हम शांति व्यवस्था बनाए हुए हैं। हम चाहते तो धरना-प्रदर्शन कर सकते थे, भूख हड़ताल कर सकते थे। हम चक्का जाम भी कर सकते थे। लेकिन हमारे देश के संविधान ने हमें राइट दिया है कि हम अपनी बात कह सकते हैं। बास बदनपुरा में शिया समुदाय की ओर से रविवार को शिया वक्फ इमाम बारगाह को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना डॉ. यासूब अब्बास ने हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य पर महिलाओं से अभद्रता करने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से भी बात कर उन्हें पूरी स्थिति से अवगत करवाया। साथ ही शिया समुदाय का एक डेलिगेशन जल्द ही मुख्यमंत्री भजनलाल को मामले से अवगत करवाएगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुद सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की बात करते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे हैं जो हल्की पॉपुलैरिटी (लोकप्रियता) के लिए इस तरह की हरकतें करते हैं और गंगा-जमुनी तहजीब को नुकसान पहुंचाते हैं। हिन्दू-मुस्लिम हमेशा से प्यार से रहे हैं, लेकिन कुछ लोग हैं जो उन्हें बांटने का काम कर रहे हैं ।बोर्ड लगाने का मामला सदर इंतजामिया कमेटी शिया वक्फ इमाम बारगाह के ताहिर हुसैन ज़ैदी ने बताया कि वक्फ बोर्ड की जमीन के पूरे कागज उनके पास मौजूद हैं। यहां जो बोर्ड लगे हैं वे वर्षों पुराना है तथा इससे संबंधित सभी आवश्यक दस्तावेज उनके पास मौजूद हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बीसीबी की पेशकश पर बांग्लादेश टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने को तैयार ताइजुल इस्लाम



**चटगांव।** बांग्लादेश के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। उनसे टेस्ट टीम की कप्तानी के बारे में पूछा गया था, क्योंकि ऐसी खबरें थीं कि मौजूदा कप्तान नजमुल हुसैन शांतो घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही सीरीज के बाद कप्तानी जारी रखने के लिए तैयार नहीं हैं। बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट 29 अक्टूबर से शुरू होने वाला है। मेहमान टीम शुरूआती टेस्ट में सात विकेट से जीत दर्ज करके 1-0 से आगे चल रही है। बता दें कि शांतो ने सीरीज के बाद कप्तानी छोड़ने की इच्छा जताई थी। इस बारे में पूछे जाने पर, एक दशक से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे अनुभवी ताइजुल ने शांतो के बारे में ऐसी किसी भी बात को सुनने से इनकार किया, लेकिन साफ किया कि जरूरत पड़ने पर वह कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर ताइजुल ने संवाददाताओं से कहा मैंने इस मामले (नजमुल के कप्तानी से इस्तीफा देने के संबंध में) पर कुछ नहीं सुना है। यह हमारी भूमिका का हिस्सा नहीं है, मुझे इस बारे में पूरी जानकारी नहीं है। 10 साल तक खेलने के बाद मैं कप्तानी के लिए पूरी तरह तैयार हूं।

### पीकेएल को दिया गया वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्स लीग का पुरस्कार



**नई दिल्ली।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) को सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित 'बेस्ट स्पोर्ट्स लीग ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह शुक्रवार, 18 अक्टूबर को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ स्कोर कार्ड 2024 कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था, जिस दिन पीकेएल के 11वें संस्करण की शुरूआत भी हुई थी। सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स, एक अभूतपूर्व पहल है, जो खेल व्यवसाय क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देता है। इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी श्रेणी में प्रो कबड्डी लीग की जीत भारतीय खेल परिदृश्य पर इसके प्रभाव और एक खेल के रूप में कबड्डी के विकास में इसके योगदान को रेखांकित करती है।

### यूएसए क्रिकेट ने स्टुअर्ट लॉ को मुख्य कोच के पद से हटाया

**वाशिंगटन डीसी।** यूएसए क्रिकेट ने रविवार को स्टुअर्ट लॉ को राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद से हटा दिया है। यह निर्णय यूएसए के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 अभियान से एक दिन पहले आया। लॉ का कार्यकाल अप्रैल में शुरू हुआ और सात महीने से कुछ अधिक समय तक चला, उनके कार्यकाल में टीम टी20 विश्व कप सुपर-आठ चरण में अपने इतिहास में पहली बार आगे बढ़ी। वेस्टइंडीज के साथ संयुक्त रूप से आयोजित टूर्नामेंट में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने समूह में कनाडा और पाकिस्तान को हराकर अगले चरण में प्रवेश किया।

### नेपाल ने भारत को सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 से किया बाहर

**नई दिल्ली।** भारत रविवार को दशरथ स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में नेपाल से 2-4 से हारकर सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 से बाहर हो गया। नेपाल फाइनल में बांग्लादेश से खेलेगा, जिसने पहले दिन दूसरे सेमीफाइनल में भूटान को 7-1 से हराया था। खचाखच भरे स्टेडियम में खेले गए इस मैच में, नियमित समय समाप्त होने के बाद शूट-आउट का सहारा लिया गया, जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मैच में मैदान के अंदर से ज्यादा बाहर का ड्रामा देखने को मिला। 62वें मिनट में संगीता बासफोर के शानदार शॉट की बदौलत भारत ने बढ़त हासिल कर ली और इसके बाद नेपाल ने बराबरी का गोल दागा, जिसे रेफरी ने नकार दिया।

# पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

- मार्श को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए आराम



**नई दिल्ली। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला के लिए नया कप्तान मिलेगा, क्योंकि उसके टेस्ट सितारे इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह श्रृंखला उसी सप्ताह समाप्त होगी, जिस सप्ताह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अभियान शुरू होगा। पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए जोश इंगलिस, एडम जाम्पा और मैट शॉर्ट को टीम में शामिल किया गया है। ब्रिसबेन, सिडनी और होबार्ट में होने वाले मैचों के लिए 13 सदस्यीय टीम में टेस्ट टीम के किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को नहीं चुना गया है।

हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि चुने गए कुछ खिलाड़ी 18 नवंबर को बेलरिव ओवल में होने वाले अंतिम टी-20 मैच के बाद पर्थ में भारत के खिलाफ होने वाले सीरीज के पहले मैच के लिए टेस्ट टीम में शामिल हो सकते हैं। सितंबर में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से पहले या उसके दौरान लगी चोटों के बाद तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और स्पेंसर जॉनसन टीम में वापस आ गए हैं। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा जेवियर, स्पेंसर और नाथन का राष्ट्रीय टीम में वापस आना विशेष रूप से उत्साहजनक है। यह उनके लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता दिखाने का एक और अवसर है, जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है।

**ऑस्ट्रेलिया की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम**

**सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा।**

## गुजरात पर मिली जीत से टीम का आत्मविश्वास मजबूत हुआ : उपेंद

**हैदराबाद। एजेंसी**

हैदराबाद के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में पीकेएल सीजन 11 के रोमांचक मुकाबले में रविवार शाम यूपी योद्धा ने गुजरात जायंट्स पर 35-29 से जीत हासिल की, जिसमें भरत (13 अंक) और भवानी राजपूत (9 अंक) ने योद्धाओं के लिए बढ़त बनाई, जबकि राकेश ने जायंट्स के लिए 8 अंक हासिल किए। गुमान सिंह और सोमबीर के माध्यम से जायंट्स की मजबूत शुरूआत के बावजूद, योद्धाओं ने वापसी की और भवानी राजपूत की शुरूआती रेड के बाद गति प्राप्त की। खेल का टर्निंग पॉइंट हाफटाइम से ठीक पहले आया जब राकेश पर महेंद्र सिंह के सफल टैकल के परिणामस्वरूप ऑल आउट हो गया, जिससे ब्रेक तक योद्धाओं को 19-17 की बढ़त मिल गई, जिसे उन्होंने अंत तक बनाए रखा।

सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा यह निस्संदेह हमारे द्वारा अब तक खेले गए चार मैचों में सबसे कठिन मैच था। हमारे खिलाड़ियों ने शुरू से लेकर आखिर तक दबाव की स्थितियों को जिस तरह से संभाला, वह उल्लेखनीय था। पहले ऑल-आउट के बाद भी, हमने तीन से चार अंकों की बढ़त बनाए रखी, जिसमें महत्वपूर्ण सुपर टैकल भी शामिल थे। मैच में जोरदार बैक-एंड-फॉरवर्ड एक्शन देखने को मिला, जिसमें गुजरात जायंट्स ने पहले हाफ में जितेंदर यादव के माध्यम से सुपर टैकल को अंजाम दिया।

## दक्षिण कोरिया ने अंडर-17 एशियाई कप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**डालियान। एजेंसी**



दक्षिण कोरिया ने रविवार को चीन के साथ 2-2 से ड्रा खेलकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर अंडर-17 एशियाई कप फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। ग्रुप सी के अंतिम गेम में स्थानापन्न ली जी-हो ने 87वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर दक्षिण कोरिया को बराबरी दिलाई। द. कोरिया और चीन दोनों ने अपने क्वालीफाइंग अभियान को तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ समाप्त किया, जिसमें दक्षिण कोरिया अपने बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर रहा। अन्य समूहों के खेल समाप्त होने के बाद ही चीन को पता चलेगा कि वे पाँच सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान वाली टीमों में से एक के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं या नहीं। दक्षिण कोरिया ने मैच में आक्रामक शुरूआत की और नौवें मिनट में ही स्ट्राइकर जून मिन-सुंग ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। चीन के मिडफील्डर याओ जुन्यू ने 45वें मिनट में कोरियाई रक्षा पंक्ति को तोड़कर स्कोर बराबर कर दिया। 66वें मिनट में, चीन को पेनल्टी दी गई, और फॉरवर्ड वेई जियांगक्सिन ने आगे बढ़कर मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया। लेकिन अंत से तीन मिनट पहले, चीन के लियू जियाले ने क्षेत्र में दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी को नीचे गिरा दिया।

जिससे पेनल्टी ली को मिल गई, जिसे ली ने गोल में बदल दिया और कोरिया को 2-2 से बराबरी दिला दी। कुल 43 टीमों को अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफायर खेलने के लिए दस समूहों में विभाजित किया गया था।

## सोफिया सिविंग, अरमान भाटिया ने जीता प्रथम इंडिया मास्टर्स पिकलबॉल चैम्पियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली। एजेंसी**



तीसरी वरीयता प्राप्त सोफिया सिविंग ने रविवार को यहां डीएलटीए स्टेडियम में पीडब्ल्यूआर डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे की काओ पेई चुआन को 11-3, 11-2 से हराकर पहला प्रो पिकलबॉल खिताब जीत लिया है। शुरूआत में दोनों खिलाड़ियों के अनिश्चित और जोखिम लेने के लिए तैयार न होने के कारण अमेरिकी खिलाड़ी को संघर्ष करना पड़ा, लेकिन काओ की गलतियों ने सिविंग को पहला अंक दिलाया। धीरे-धीरे लय में आकर सिविंग ने 2-0 से पिछड़ने के बाद स्कोर बराबर किया और फिर 3-2 की बढ़त ले ली, छोर बदलने से स्पष्ट रूप से थके हुए चुआन के संघर्ष को कम करने में कोई मदद नहीं मिली, सिविंग ने 5-0 की बढ़त हासिल कर ली और फिर सेट 11-3 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में सिविंग को कोई दिक्कत नहीं हुई और उन्होंने आसानी से दूसरा सेट 11-2 से जीतकर खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में भारत के अरमान भाटिया ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए यूएसए के डस्टिन बोयर को 8-11, 11-9, 11-8 से हराकर खिताब अपने नाम किया। अच्छी शुरूआत करते हुए भाटिया ने 3-0 की बढ़त बनाई, लेकिन बोयर ने गेम में बढ़त बनाते हुए 6-3 की बढ़त बनाई और फिर सेट 11-8 से अपने नाम कर लिया। लेकिन भाटिया ने लगातार अपना खेल बेहतर करते हुए दूसरा सेट 11-9 से जीत लिया, जिससे निर्णायक सेट में बोयर ने 8-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। लेकिन भाटिया ने शानदार वापसी करते हुए लगातार 11 अंक हासिल कर सेट और मैच अपने नाम कर लिया। डीयूपीआर इंडिया मास्टर्स, पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग (पीडब्लूआर) द्वारा मान्यता प्राप्त और आयोजित, एक पीडब्लूआर 700 इवेंट है, जिसका अर्थ है कि यह खिलाड़ियों को 700 रैंकिंग अंक अर्जित करने में मदद करेगा, जो 52 सप्ताह तक वैध रहेगा।

# बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम घोषित



**नई दिल्ली। एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुनर्गठित 18 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नव-विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल रांची में हुए संस्करण में खिताब जीतने के बाद, गत चैंपियन के रूप में भारत उच्च उम्मीदों के साथ प्रतियोगिता में प्रवेश कर रहा है।

महाद्वीपीय वर्चस्व की लड़ाई में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे होंगी, जबकि नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। उनके नेतृत्व में, भारत का लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना है। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की तैयारी पर मिडफील्डर और कप्तान सलीमा टेटे ने कहा एक और प्रमुख टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक अविश्वसनीय एहसास है, खासकर गत विजेता के रूप में। हमने कठोर प्रशिक्षण लिया है और हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं दोनों के साथ एक मजबूत इकाई है।

हमारा लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था। इस बीच, उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा हमें अपनी तैयारी और टीम के भीतर बनी केमिस्ट्री पर भरोसा है।

अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना एक बहुत बड़ा बढ़ावा है, और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं। सलीमा के साथ काम करना शानदार रहा है, और हम इस टूर्नामेंट को यादगार बनाने के लिए दृढ़ हैं।

**बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है:**

**गोलकीपर** - सविता, बिचू देवी खारीबाम।

**डिफेंडर** - उदिता, ज्योति, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुशीला चानू पुखरबम, इशिका चौधरी।

**मिडफील्डर** - नेहा, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी।

**फॉरवर्ड्स** - नवनीत कौर, प्रीति दुबे, संगीता कुमारी, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग।

### कचरे से पटा दिल्ली का जेएलएन स्टेडियम

**नई दिल्ली।** भारत में खेलों के लिए पवित्र स्थल माना जाने वाला जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम हाल ही में पंजाबी सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ के दो दिवसीय दिल-लुमिनाती संगीत कार्यक्रम के बाद विवाद के केंद्र में आ गया, जब ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बेअंत सिंह ने कार्यक्रम स्थल की अव्यवस्था की तस्वीरें पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी निराशा व्यक्त की। सप्ताहांत में आयोजित इस कॉन्सर्ट में हर रात लगभग 35,000 प्रशंसक आए, लेकिन स्टेडियम, जो आमतौर पर खेलों के लिए आरक्षित होता है, कार्यक्रम के बाद गंदगी की स्थिति में छोड़ दिया गया। सिंह द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में, स्टेडियम का ट्रैक और फील्ड क्षेत्र कचरे, शराब के कंटेनरों और क्षतिग्रस्त एथलेटिक उपकरणों से अटा पड़ा था। सिंह ने इंस्टाग्राम पर साझा किया, यह वह जगह है जहां एथलीट प्रशिक्षण लेते हैं, लेकिन यहां लोगों ने शराब पी और पार्टी की।

## व्यापार

## लगातार 1 हफ्ते की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली। एजेंसी**



पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान लगातार कमजोरी का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने दिवाली वाले सप्ताह की जोरदार शुरूआत की। कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में उतार-चढ़ाव भी होता हुआ नजर आया लेकिन इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार तेजी दिखाई। सेंसेक्स जहां इंट्रा-डे में 1,137 अंक चढ़ गया, वहीं निफ्टी ने भी 311 अंक से अधिक की छलांग लगाई। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली होने की वजह से ये दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से फिसल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.76 प्रतिशत और निफ्टी 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

कारोबार के दौरान मेटल, बैंकिंग, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही।

इसके साथ ही आईटी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और पीएसई इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 441.36 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए थे। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 5,808.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 103.12 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,518.61 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 141.45 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 42,253.86 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,248.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,497.54 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## सर्राफा बाजार में मामूली कमजोरी, सोना और चांदी की कीमत में सांकेतिक गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू सर्राफा बाजार में धनतेरस के पहले मामूली गिरावट नजर आ रही है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये से लेकर 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये से लेकर 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आई है, जिसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इस चमकीली धातु की कीमत आज 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।


वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,330 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

- मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिला सोनोग्राफी सहित अन्य स्वास्थ्य उपचार में होगा उपयोगी :- डॉ विजय सिंह फौजदार




**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम। 28 अक्टूबर ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राजकीय अवकाश होने के कारण सोमवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर दिये गए साथ ही अन्य जाँच व उपचार किये गए । उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।

# ब्रिगेडियर भवानी सिंह की जयंती पर 25 विभिन्न श्रेणियों में दिए गए 'सवाई जयपुर अवॉर्ड्स'

## इस परम्परा को निभाना गौरव की बात : दीया कुमारी

चमकता राजस्थान






जयपुर। ब्रिगेडियर सवाई भवानी सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार शाम को प्रतिष्ठित वार्षिक पुरस्कार समारोह 'सवाई जयपुर अवॉर्ड्स 2024' का आयोजन सिटी पैलेस के प्रीतम चौक में किया गया। उप मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज परिवार की सदस्या दीया कुमारी, एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय के चेयरमैन सवाई पद्मनाभ सिंह, गौरवी कुमारी और धर्म गुरूओं के मंच पर आने के साथ ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत में गोविन्द देव जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद स्वर्गीय सवाई भवानी सिंह की तस्वीर पर भी माल्यार्पण किया गया।

महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मानवता की सेवा, हेरिटेज संरक्षण, चिकित्सा विज्ञान, परम्परागत शिल्प के क्षेत्र आदि सहित 25 विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए गए। इन पुरस्कारों के तहत 31,000 रुपए नकद, शॉल, एक गंगा जली, प्रशस्ति पत्र और श्रीफल प्रदान किया गया।

इस वर्ष पहली बार पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार, महानिदेशक मुग्धा सिन्हा की ओर से 'द कल्चरल कॉन्टिनमः फ्रॉम बीइंग टू बिलॉन्गिंग' विषय पर कीनोट एड्रेस भी दिया गया। उन्हें 'संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए 'राजा काकिल देव अवॉर्ड' से भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारतीय प्रशासनिक सेवा में मेरी सिलवर जुबली पूर्ण होने के अवसर पर दिया गया है और साथ ही यह सम्मान सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्टता की संस्कृति बनाने के लिए प्रयास जारी रखने के मेरे संकल्प को मजबूत करता है।

उन्होंने 1999 में सिविल सेवक बनने की अपनी यात्रा पर प्रकाश डाला, जो एक माइलस्टोन वर्ष था, क्योंकि यह मिलेनियल ट्रांजिशन का समय भी था। उन्होंने राजस्थान राज्य में संस्कृति के क्षेत्र में और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में अपने कार्य को रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि किस प्रकार पिछले 25 वर्षों में संस्कृति की समझ विकसित हुई है और अब यह मुख्य आधार बन गई है। इसके साथ ही उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आज की दुनिया स्टार्ट-अप्स और यूनिकॉर्न्स की है, जो असफलताओं से सीखकर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करते हैं।

इसके बाद 17 राजपूताना राइफल्स (सवाई मान गार्ड्स) के कमांडिंग ऑफिसर, कर्नल देब चंदन दास और सूबेदार मेजर गुरदयाल सिंह ने बटालियन की ओर से एक ऑपरेशन के बाद 'लेदी गली' पर कब्जे की एक पेंटिंग भेंट की। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए यह पुरस्कार प्रदान किए गए, इनमें राजा दूल्हा राय अवॉर्ड - उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए मुस्कान फाउंडेशन, राजा काकिल देव अवॉर्ड - संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी कार्य के लिए मुग्धा सिन्हा, राजा पजवन देव अवॉर्ड - मेडिसिन के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए डॉ. एम.एल. स्वर्णकार, राजा भगवंत दास अवॉर्ड - जयपुर के पारंपरिक शिल्प के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए गुलरुख सुल्ताना), राजा मान सिंह प्रथम अवॉर्ड - बहादुरी के लिए राइफलमैन मोहित राठौड़, मरणोपरांत, मिर्जा राजा जय सिंह प्रथम अवॉर्ड - सशस्त्र बलों में विशिष्ट सेवा के लिए मेजर जनरल अनुज माथुर, वीएसएम, मिर्जा राजा राम सिंह प्रथम अवॉर्ड - पारिस्थितिकी संतुलन एवं पर्यावरण में सुधार के लिए डॉ राजेंद्र सिंह को दिया गया।

महाराजा विशन सिंह अवॉर्ड - ट्रैवल एवं टूरिज्म विकास में उल्लेखनीय कार्य के लिए बैनयन टूर्स, महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय अवॉर्ड - एस्ट्रोनॉमी एवं संबंधित विज्ञान के क्षेत्र में संदीप भट्टाचार्य, महाराजा सवाई ईश्वरी सिंह अवॉर्ड - पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए श्रीकांत त्रिपाठी, महाराजा सवाई माधो सिंह प्रथम अवॉर्ड - समाज सेवा और परोपकार के लिए डी. बी. गुप्ता, महाराजा सवाई प्रताप सिंह अवॉर्ड - साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए अंकुर मिश्रा, महाराजा सवाई जगत सिंह अवॉर्ड झआर्ट, पेंटिंग एवं स्कल्पचर के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए तरुण राज पंचाल, महाराजा सवाई राम सिंह द्वितीय अवॉर्ड झ फोटोग्राफी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए टीकम चंद, महाराजा सवाई माधो सिंह द्वितीय अवॉर्ड - थिएटर, फिल्म एवं टेलीविजन क्षेत्र सुब्बैया नल्लामुथु को महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया।

इसके अतिरिक्त महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय अवॉर्ड - खेल में उत्कृष्टता के लिए मोना अग्रवाल, महारानी मरूधर कंवर अवॉर्ड - एमएसएमएस द्वितीय म्यूजियम ट्रस्ट और जेपीसीटी में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए गुलाब सिंह, महारानी किशोर कंवर अवॉर्ड - परफॉर्मिंग आर्ट के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए दिलीप भट्ट, राजमाता गायत्री देवी अवॉर्ड - महिला उत्कृष्टता के लिए सुनीता शेखावत, सवाई भवानी सिंह अवॉर्ड - व्यापार और उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए संजय अग्रवाल, पद्मिनी देवी अवॉर्ड - राज परिवार के प्रति वफादारी एवं उत्कृष्ट अनुशासित सेवाएं प्रदान करने के लिए महेंद्र सिंह राजावत, दीया कुमारी अवॉर्ड - किसी भी क्षेत्र में अचीवर मिताली सोनी, सवाई पद्मनाभ सिंह अवॉर्ड - हेरिटेज और आर्किटेक्चर के संरक्षण में उत्कृष्टता के लिए ए. विजया, गौरवी कुमारी अवॉर्ड झ किसी व्यक्ति या संस्थान की ओर से सोशल इम्पेक्ट के लिए उल्लेखनीय स्टार्ट-अप, नवाचार या आविष्कार की शुरुआत के लिए रजत अग्रवाल और लक्ष्यराज प्रकाश ऑफ सिरमौर अवार्ड प्रदान किया गया।

# स्वच्छता अभियान के तहत जयपुर ग्रेटर महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने स्वयं के कार्यालय को साफ कर दिया स्वच्छता का संदेश



चमकता राजस्थान

- **दीपोत्सव पर गौमय दीपक जलाएं और लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दे:- डॉ सौम्या गुर्जर**

जयपुर!(खलील कुरैशी) 28 अक्टूबर। नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर सोमवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसके तहत कार्यालयों में सफाई की गई। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने नगर निगम मुख्यालय स्थित स्वयं के कार्यालय को साफ किया।इसके साथ ही चैयरमेन एवं पार्षदों ने भी स्वच्छता अभियान में भागीदारी निभाई।महापौर ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से करनी होगी स्वच्छता हर व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली के तहत कार्यालय की सफाई की गई। अनुपयोगी सामान को हटाया गया तथा उन्हें आर.आर.आर. सेन्टर पर जमा भी करवाया। जहां स्वच्छता होती है वहां शुभता निवास करती है। उन्होंने आमजन से अपील की कि दीपोत्सव पर गौमय दीपक जलाये, वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दे। स्थानीय विक्रेताओं से ही मिट्टी के दीये खरीदे।

# प्रमुख शासन सचिव - एलएसजी एवं प्रमुख शासन सचिव - यूडीएच द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट रूट का किया गया दौरा

## जेडीए, आरएचबी, रीको, नगर निगम गेटर/हैरिटेज अधिकारियों को जेईसीसी-सीतापुरा से आमेर तक सौंदर्यीकरण करने के दिए निर्देश

चमकता राजस्थान





**जयपुर!(खलील कुरैशी) 28 अक्टूबर।** नगरीय विकास विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 (09 से 11 दिसम्बर) को पूर्ण रूपेण सफल बनाने हेतु प्रमुख शासन सचिव - एलएसजी राजेश यादव एवं प्रमुख शासन सचिव - यूडीएच वैभव गालरिया के नेतृत्व में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के रूट का जेडीए, आरएचबी, नगर निगम गेटर/ हैरिटेज अधिकारियों के साथ संयुक्त दौरा किया गया। दौरे के दौरान जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी, नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणी रियार, जेडीए सचिव निशांत जैन, राजस्थान आवासन मण्डल आयुक्त रश्मि शर्मा, रीको आयुक्त आकाश तोमर, जेडीए वन संरक्षक मोनाली सेन, मुख्य अभियंता यूडीएच अशोक चौधरी, जेडीए निदेशक अभियंत्रिकी अजय गर्ग एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिसका रूट जेईसीसी-सीतापुरा, होटल मेरियट, जवाहर सर्किल, एयरपोर्ट टर्मिनल-2, स्टेट हैंगर, क्लार्क आमेर, जेडीए सर्किल, रामबाग सर्किल, अंबेडकर सर्किल, स्टेच्यू सर्किल, रामनिवास बाग, अजमेरी गेट, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, बडी चौपड, जलमहल, आमेर तक रहा। जेईसीसी-सीतापुरा से दौरा प्रारम्भ किया, प्रमुख शासन सचिव-यूडीएच ने रीको अधिकारियोंकोजेईसीसी-सीतापुरा के आसपास सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिये। टोंक रोड पर इंडिया गेट के पास स्थित कॉर्नर भूखण्ड की साफ-सफाई एवं आसपास के अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया जाकर सौंदर्यीकरण करने हेतु रीको को निर्देश दिये।

राजस्थान आवासन मण्डल क्षेत्र में आरएचबी के अधिकारयों को मीडियन, सडक मरम्मत, साफ-सफाई, फुटपाथ मरम्मतीकरण इत्यादि कार्य करने के निर्देश दिये। मीडियन में रखे हुए गमलों (पोट्स) के रख-रखाव हेतु नगर निगम ग्रेटर/हैरिटेज के अधिकारियों को निर्देश दिये। इसके साथ ही अभियान चलाकर नगर निगम ग्रेटर द्वारा अपने क्षेत्र में साफ-सफाई करवायी जाने के निर्देश दिये। हल्दीघाटी गेट के पास स्थित आईलैण्ड को विकसित करने हेतु उद्यानिकी शाखा जेडीए को निर्देश दिये गये। इंडिया गेट से जवाहर सर्किल तक टोंक रोड मीडियन पर चम्पा/अन्य प्रजाति के पौधें लगाये गये है, इसकी सराहना की। उन्होंने टोंक रोड पर मीडियन में पौधों के गेप कम करने हेतु चम्पा/अन्य प्रजातियों के बडे पौधे लगाने हेतु उद्यानिकी शाखा जेडीए को निर्देश दिये गये। आश्रम मार्ग पर होटल मेरियट के पास स्थित खाली भूखण्ड की साफ-सफाई हेतु जेडीए को निर्देश दिये। साथ ही जवाहर सर्किल के चारों ओर एक माह में सौंदर्यीकरण करने हेतु वन संरक्षक जेडीए को निर्देश दिये। जेडीए अधिकारियों द्वारा बताया गया एयरपोर्ट की समस्त दीवारों पर पेंट कर दिया गया है, जिसमें शेष सौंदर्यीकरण कार्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। इसके साथ ही राईजिंग राजस्थान रूट में आने वाली समस्त दीवारों की मरम्मत करने एवं नवीन बनाने के पश्चात ही पेंट करने के निर्देश दिये। बजाज नगर तिराहा पर स्थित आईलैण्ड के आसपास क्षेत्र को सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव करने के निर्देशदियेप्रमुखशासनसचिव-एलएसजी एवं प्रमुख शासन सचिव-यूडीएच द्वारा टोंक रोड पर लाईट्स पोल्स पर हैंगिंग पोट्स के रखरखाव करने हेतु जेडीए को निर्देशित किया गया।रामनिवास बाग में चूहों की रोकथाम हेतु नियमित साफ-सफाई रखने के निर्देश दियेप्रमुख शासन सचिव-एलएसजी ने अजमेरी गेट से सांगानेरी गेट तक मीडियन के रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण करने हेतु नगर निगम हैरिटेज को निर्देश दिये। इसके साथ ही अस्थाई अतिक्रमणों को हटवाने के निर्देश भी दिये। जौहरी बाजार में दुकानों/अन्य संस्थानों द्वारा अपने संस्थान/दुकान के नाम समानरूप (व्हाईट बैकग्राउण्ड पर ब्लेक कलर) से अंकित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने दीपावली पश्चात अवांछित रूप से लटक रहे तारों (केबल वॉयर) का हटवाने के निर्देश दिये। जौहरी बाजार स्थित पार्किंग को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम हैरिटेज द्वारा आम सूचना जारी कर जौहरी बाजार एवं अन्य बाजारों के व्यापार मण्डल/आमजन से स्वयं के संस्थान/मकानों/दुकानों के फसाड को पिंकसिटी हैरिटेज लुक में रिपेयर करवाने एवं अवैध निर्माण रोकने हेतु अपील करने के निर्देश दिये। इसकी अवमानना करने पर संबंधित को नोटिस जारी किये जायेंगे हवामहल के सामने हो रहे अवैध निर्माण की रोकथाम हेतु संबंधित को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण रूकवाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही हवामहल को गणमान्य एवं देशी-विदेशी पर्यटक भारी संख्या में देखने आते है, इस हेतु एक फोटो शूट पोईन्ट (सेल्फी पोईन्ट) विकसित करने के निर्देश दिये। फुटपाथ पर स्थित टेलीकॉम बॉक्सेज को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने राईजिंग राजस्थान के रूट की संयुक्त वीडियोग्राफी करने के निर्देश दिये, जिससे प्रभावी मॉनिटरिंग संभव होगी। उन्होंने मीडियन में पौंधो में पानी डालते समय क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु पानी व्यवस्थित रूप से डालने के निर्देश दिये। आमेर फोर्ट का फसाड अतिवर्षा से काला पड गया है, जिसे पेंट करवाने हेतु निदेशक-पुरातत्व विभाग को निर्देश दिये। इसके साथ ही मावठा के पास हो रहे अतिक्रमण को हटवाने हेतु संबंधित को निर्देश दिये।

**प्रभावी मॉनिटरिंग हेतु समिट रूट की जेडीए एवं नगर निगम गेटर/हैरिटेज द्वारा संयुक्त रूप से करवाई जायेगी वीडियोग्राफी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929